वर्ष : 34 | अंक : 336 | मुंबई, गुरुवार, 12 फरवरी 2026 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित



# DBD
# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

घाटकोपर के वार्ड नंबर 132 से चुनी गई हैं कॉर्पोरेटर



## बीजेपी की रितु तावड़े बनीं मुंबई की नई मेयर, शिवसेना के संजय घाडी बने डिप्टी मेयर

# 44 साल बाद बीएमसी में भाजपा राज

धीरज सिंह | मुंबई

**देश के सबसे अमीर नगर निकाय मुंबई के नए मेयर का इंतजार बुधवार को खत्म हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रितु तावड़े निर्विरोध बृहन्नमुंबई नगर निगम (बीएमसी) की मेयर चुनी गई है। इसके साथ ही बीएमसी की सत्ता में 44 साल बाद भाजपा की वापसी हुई है। शिव सेना के संजय शंकर घाड़ी को उप मेयर चुना गया है। बीएमसी मुख्यालय में आयोजित समारोह में मेयर व उप मेयर ने शपथ ली। 227 सीट वाली बीएमसी में भाजपा व शिव सेना 118 सीटों के साथ स्पष्ट बहुत मिला था, जिसके बाद मेयर चुनाव के लिए विपक्षी दलों की तरफ से कोई प्रत्याशी नहीं उतारा गया। इसके बाद मेयर और उप मेयर दोनों पदों पर 53 वर्षीय रितु तावड़े और 57 वर्षीय संजय घड़ी को निर्विरोध रूप से चुना गया। इसके साथ ही बीएमसी में 1997 से चला आ रहा ठाकरे परिवार का दबदबा भी खत्म हो गया है।**

### राजनीति से ज्यादा सेवा पर होगा फोकस

रितु तावड़े घाटकोपर के वार्ड नंबर 132 से कॉर्पोरेटर चुनी गई हैं। रितु तावड़े ने शपथ लेने के बाद कहा कि मेरा लक्ष्य ट्रांसपेरेंट, डेवलपमेंट, लोगों को अच्छा प्रशासन देने पर होगा। हमारे शहर को साफ, सुंदर, सुरक्षित और मॉडर्न बनाना हमारी प्राथमिकता होगी। हम महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार के मौके, सीनियर सिटिजन की देखभाल और गरीबों व जरूरतमंदों के लिए असरदार योजनाएं लागू करने के लिए पक्के इरादे वाले हैं। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने के लिए डिजिटल सिस्टम और AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का इस्तेमाल किया जाएगा। मैं आपको भरोसा दिलाना चाहती हूं कि सेवा को राजनीति से ज्यादा अहमियत दी जाएगी।



मैंने आज पहली बार इस हॉल का काम देखा। मुझे बहुत खुशी है कि आज बीजेपी-शिवसेना गठबंधन के किसी सदस्य ने मेयर और डिप्टी मेयर का पद संभाला है। रितु तावड़े को एक अनुभवी और असली मराठी चेहरा माना जा रहा है। हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की जन्म शताब्दी के मौके पर, हम मुंबई को वैसा प्रशासन देने की पूरी कोशिश करेंगे जिसकी उन्हें उम्मीद थी।

**देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री**



आज महायुति के लिए बहुत अच्छा दिन है। मुंबई के लोगों ने हमें साफ बहुमत दिया है और नई मेयर रितु तावड़े, और डिप्टी मेयर संजय घाडी बिना किसी विरोध के चुने गए हैं। मैं मुंबई के लोगों को महायुति में विश्वास जगाने के लिए धन्यवाद देता हूं। यह बालासाहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है और हम उनकी इच्छा के अनुसार मुंबई को डेवलप करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

**एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए मंत्र के अनुसार मैं शपथ लेती हूं कि यह पहला नागरिक आज से हमारी मुंबई का 'पहला सेवक' बनकर काम करूंगी। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मुंबईकरों से किया वादा पूरा किया कि बीएमसी मेयर एक मराठी होगा। आज मैं इस ऐतिहासिक हॉल में आप सभी के सामने मराठी मेयर के तौर पर खड़ी हूं।

**रितु तावड़े, महापौर**

### बीएमसी को अब तक मिलीं 7 महिला महापौर

**1956: पहली महिला महापौर सुलोचना मोदी**

■ बीएमसी को पहली महिला महापौर सुलोचना मोदी के रूप में मिलीं, जिन्होंने 1956 में यह ऐतिहासिक जिम्मेदारी संभाली और महिला प्रतिनिधित्व की नींव रखी।

**1994–95: निर्मला सामंत प्रभवलकर**

■ करीब चार दशक बाद 1994–95 में निर्मला सामंत प्रभवलकर महापौर बनीं और नगर निकाय में महिलाओं की भागीदारी को नई गति मिली।

**1997–98: विशाखा राउत**

■ 1997–98 में विशाखा राउत ने महापौर पद संभालकर महिला नेतृत्व की परंपरा को आगे बढ़ाया।

**2007–2009: डॉ. शुभा राउल**

■ नवंबर 2007 से 2009 तक डॉ. शुभा राउल महापौर रहीं और शहरी प्रशासन में सक्रिय भूमिका निभाई।

**2009–2012: श्रद्धा श्रीधर जाधव** | **2014–17: स्नेहल अंबेकर** | **2019–22: किशोरी पेडणेकर**

### कौन हैं संजय घाड़ी?

शिवसेना (शिंदे गुट) के संजय घाड़ी दहिसर (वार्ड नंबर 5) से नगरसेवक हैं। वे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेहद करीबी और निष्ठावान शिवसैनिक माने जाते हैं। संजय घाड़ी एक शिक्षित नेता हैं। उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से B.Com की डिग्री हासिल की है। वे पिछले कई दशकों से शिवसेना से जुड़े हुए हैं और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के लिए काम करते रहे हैं। पद संभालने के बाद उन्होंने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और मुंबई की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को अपनी प्राथमिकता बताया है।

### विपक्ष की प्रतिक्रिया

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भाजपा की इस जीत पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि भाजपा को मुंबई में मराठी लोगों और मनसे के भारी समर्थन के कारण एक "मराठी मेयर" चुनने के लिए मजबूर होना पड़ा। राउत ने यह भी दावा किया कि तावड़े मूल रूप से कांग्रेस से जुड़ी रही हैं।

### अंतिम बार 1982 में बना था भाजपा का मेयर

बीएमसी में पहली बार 1982-83 में भाजपा का मेयर बना था। तब प्रभाकर पई ने बीएमसी का नेतृत्व किया था। इसके बाद से भाजपा की सहयोगी पार्टियां बीएमसी की सत्ता में काबिज रही, लेकिन पार्टी का अपना मेयर 44 साल बाद बना है। बीएमसी देश की सबसे संपन्न नगर निकाय है और इसका मेयर पद महाराष्ट्र की राजनीति में बेहद महत्व रखता है।

### कांग्रेस से शुरू हुई थी रितु की राजनीति

बीएमसी की 78वीं मेयर बनी रितु तावड़े 2012 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुई और इसी साल पहली बार पार्षद चुनी गई। बतौर पार्षद यह उनका तीसरा कार्यकाल है और हर बार उन्होंने अलग-अलग वार्ड का प्रतिनिधित्व किया। इस बार वह वार्ड-132 से पार्षद हैं। इससे पहले वह बीएमसी की शिक्षा समिति की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। रितु तावड़े मराठा समुदाय से आती हैं, लेकिन गुजराती बहुल वार्ड में भी उनकी मजबूत पकड़ रही है। वर्तमान में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष भी है।

### दीर्घा में फडणवीस को देखकर लगे 'देवाभाऊ' के नारे

इस ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के साथ बीएमसी सदन की दीर्घा में मौजूद रहे। सीएम को दीर्घा में देखकर बीजेपी के पार्षद का जोश हाई हो गया। सदन से ही देवाभाऊ के नारे लगे।

## ब्रीफ न्यूज़

### डीजीसीए की जांच के बाद निष्कर्ष निकालें: मुख्यमंत्री फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के विमान दुर्घटना की महत्वपूर्ण जांच कर रही है। उन्होंने आग्रह किया कि जांच पूरी होने के बाद ही निष्कर्ष निकाले जाएं। फडणवीस ने कहा कि विमान का ब्लैक बॉक्स पहले ही बरामद कर लिया गया है। सभी मोर्चों पर जांच शुरू कर दी गई है। 28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती हवाई पट्टी के पास लेयरजेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री यहां पत्रकारों से अजीत पवार के भतीजे और विधायक रोहित पवार द्वारा विमान दुर्घटना के संबंध में किए गए दावों और चिंताओं के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में बात कर रहे थे।

### चंद्रपुर महापौर चुनावों में गड़बड़ी के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने चंद्रपुर महापौर चुनाव में हुई 'गड़बड़ी' के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरने के बावजूद कांग्रेस सत्ता हासिल नहीं कर पाई, जिसके लिए उसे 'शर्मिंदा' होना चाहिए। राउत ने स्पष्ट किया कि महापौर चुनाव में भाजपा को समर्थन देने का फैसला स्थानीय पार्षदों ने लिया था, न कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने। राउत ने कहा कि शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पहले ही निर्देश दिए थे कि किसी भी स्थिति में भाजपा की मदद न की जाए, भले ही विपक्ष में बैठना पड़े।

### विश्वविद्यालयों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को मंजूरी

**मुंबई।** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए विस्तृत कार्यप्रणाली की घोषणा की गई है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि उम्मीदवारों की अंकसूची उनके प्राप्त अंकों सहित संबंधित विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। मंत्री पाटिल ने कहा कि सहायक प्राध्यापक पद के लिए तासिका, संविदा और एडहॉक आधार पर कार्यरत शिक्षकों को इस निर्णय से बड़ी राहत मिलेगी।

## देश को मिली पहली म्यूजिकल रोड

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

देश को पहली संगीतमय सड़क (म्यूजिकल रोड) मिली है। यह सड़क मुंबई कोस्टल रोड कॉरिडोर पर बनाई गई है। यहां वाहन चलाने पर 'जय हो' गाना सुनाई देता है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को इस सड़क का उद्घाटन किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद थे।

▶▶ तेज गति से वाहन चलाने पर बजेगा 'जय हो' गाना

▶▶ मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



### बीएमसी ने क्या कहा?

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने कहा कि यह दुनिया की पांचवीं संगीतमय सड़क है और भारत की पहली ऐसी सड़क है। यह संगीतमय पट्टी वर्ली सुरंग से बाहर निकलने के बाद लगाई गई है। यह करीब 500 मीटर आगे पहली लेन में बनाई गई है। बीएमसी ने बताया कि अगर वाहन 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलते हैं, तो टायर और सड़क के बीच घर्षण से ध्वनि तरंगें बनती हैं। यह धुन वाहन के अंदर साफ सुनाई देती है। निगम ने बताया कि चालकों को पहले से जानकारी देने के लिए साइन बोर्ड लगाए गए हैं। 500 मीटर, 100 मीटर और 60 मीटर पहले संकेत दिए गए हैं। सड़क पर खास आकार और दूरी के खांचे बनाए गए हैं। इनसे टायर की कंपन से संगीत के सुर बनते हैं। ऐसी सड़कों को 'मेलोडी रोड' या 'म्यूजिकल रोड' कहा जाता है। बीएमसी ने इसे इंजीनियरिंग और संस्कृति का मेल बताया और कहा कि कोस्टल सड़क का मकसद ट्रैफिक कम करना और यात्रा तेज बनाना है। अब यह लोगों को ड्राइविंग का एक अलग अनुभव देगी। संगीतमय सड़क का विचार सबसे पहले 2007 में जापान में आया था। इसके बाद हंगरी, दक्षिण कोरिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों में भी ऐसी सड़कें बनीं।

### कहां बनी है यह संगीतमय पट्टी?

वाहन जब तय गति से सड़क पर चलते हैं, तो सड़क में बने खास खांचे आवाज करते हैं। इनसे 'स्लमडॉग मिलियनेयर' फिल्म का गाना 'जय हो' बजता है। बीएमसी ने यह खास हिस्सा नरीमन पॉइंट से वर्ली की ओर जाने वाली लेन पर बनाया है। यह सड़क धर्मवीर स्वराज्यरक्षक छत्रपति संभाजी महाराज के नाम पर है।

#### जमीन मालिकों को राहत

## भूमि के लिए एनए की अनुमति जरुरी नहीं

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रदेश के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भूमि राजस्व कानून में महत्वपूर्ण परिवर्तन करते हुए जमीन मालिकों को बड़ी राहत दी है। नए निर्णय के तहत अब गैर कृषि (एनए) उपयोग के लिए जिलाधिकारी से अलग अनुमति लेने की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश के बाद यह बदलाव लागू किया गया है, जिससे जमीन के रुपांतरण और निर्माण अनुमति प्रक्रिया में तेजी आएगी।



### अकृषक कर समाप्त, एकमुश्त प्रीमियम व्यवस्था लागू

सरकार ने अकृषक कर पूरी तरह रद्द कर दिया है। अब जमीन मालिक को केवल एकमुश्त रुपांतरण अधिमूल्य (कन्वर्जन प्रीमियम) का भुगतान करना होगा। भुगतान के बाद जमीन को गैर कृषि उपयोग में परिवर्तित किया जा सकेगा। इसके लिए अलग से सनद लेने की बाध्यता भी खत्म कर दी गई है।

### निर्माण प्रारूप मंजूरी ही मानी जाएगी एनए

अब तक एनए मंजूरी के लिए कई दस्तावेजों की आवश्यकता होती थी और अलग प्रक्रिया से अनुमति लेनी पड़ती थी। नई कार्यपद्धति के अनुसार अब निर्माण प्रारूप की मंजूरी ही एनए स्वीकृति मानी जाएगी। राजस्व विभाग में यह नई व्यवस्था लागू कर दी गई है और शीघ्र ही इसे राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा।

### प्रक्रिया होगी सरल और पारदर्शी

इस फैसले से भूमि रुपांतरण प्रक्रिया आसान होगी, समय की बचत होगी और अनावश्यक विलंब कम होगा। शासन का दावा है कि इससे राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी बनेगी और जमीन मालिकों को राहत मिलेगी।

## कार्यस्थल पर आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य

### उल्लंघन पर लगेगा 50 हजार का जुर्माना

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त नयना गुंडे ने स्पष्ट किया है कि राज्य के उन सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों में 'आंतरिक समिति' का गठन करना अनिवार्य है, जहाँ 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। यदि कोई संस्थान इस नियम का पालन करने में विफल रहता है, तो संबंधित मालिक या प्रमुख पर 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। बार-बार उल्लंघन करने की स्थिति में जुर्माने की राशि दोगुनी की जा सकती है या संबंधित प्रतिष्ठान का लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है।



### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश और पॉश अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन

महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के बाद, राज्य में 'महिला यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013' को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। आयुक्त गुंडे के अनुसार, गठित की गई आंतरिक समिति का पूरा विवरण केंद्र सरकार के ऑनलाइन पोर्टल 'शी-बॉक्स' (shebox.wcd.gov.in) पर अपलोड करना आवश्यक है।

## एयरपोर्ट पर ड्रग्स, सोना और विदेशी करेंसी जब्त

▶▶ बैंकॉक से आए यात्रियों के पास से 13.256 किलो ड्रग्स बरामद

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई एयरपोर्ट कमिश्नरेट, कस्टम्स जोन-III के अधिकारियों ने 4 जनवरी 2026 से 11 फरवरी 2026 के बीच ड्यूटी के दौरान कई अहम कार्रवाई की। स्पॉट चेक और APIS प्रोफाइलिंग के आधार पर की गई इन कार्रवाइयों में करोड़ों रुपये के ड्रग्स, सोना, हीरे और विदेशी मुद्रा जब्त की गई। कुल 7 मामलों में हाइड्रोपोनिक वीड (NDPS) की बड़ी खेप पकड़ी गई, जिससे हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान बैंकॉक से आए 7 यात्रियों को हाइड्रोपोनिक वीड के साथ गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 13.256 किलोग्राम संदिग्ध हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में कीमत करीब 13.256 करोड़ रुपये आंकी गई है। सभी आरोपियों को NDPS एक्ट 1985 के तहत गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू



### सोना और हीरे की तस्करी का भी पर्दाफाश

एक मामले में 104 ग्राम 24 कैरेट सोना बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 15.24 लाख रुपये है। वहीं, हीरा तस्करी के मामले में 246.75 कैरेट प्राकृतिक और लैब ग्रोन हीरे जब्त किए गए, जिनकी कीमत करीब 38.28 लाख रुपये बताई गई है। विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर बैंकॉक से आए 5 अन्य यात्रियों के पास से 3.5 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 3.5 करोड़ रुपये है। इस मामले में भी सभी आरोपियों को NDPS एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।


### विदेशी मुद्रा की भी बड़ी बरामदगी

विदेशी मुद्रा से जुड़े 3 मामलों में 3 यात्रियों से कुल 69.78 लाख रुपये के बराबर विदेशी करेंसी बरामद की गई। एक अन्य मामले में 43.25 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा भी जब्त की गई है।

## इंडिया-यूएस ट्रेड डील पर लोकसभा में तीखी बहस

▶▶ सरकार ने भारत माता को बेच दिया: राहुल गांधी

▶▶ भारत को कांग्रेस ने बेचा, किसानों के हक से सौदा किया: सीतारमण



एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर इंडिया-US ट्रेड डील को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस समझौते के जरिए सरकार ने "भारत माता को बेच दिया" और यह पूरी तरह सरेंडर है। राहुल ने आरोप लगाया कि अब अमेरिका तय करेगा कि भारत किससे तेल खरीदेगा और देश के फैसले प्रधानमंत्री नहीं कर पाएंगे। उन्होंने एपस्टीन फाइल्स और अमेरिका में उद्योगपति अडाणी से जुड़े मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि अडाणी पर चल रहा केस, दरअसल प्रधानमंत्री पर दबाव बनाने का तरीका है।

### सीतारमण का पलटवार

राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि "मोदी ने सरेंडर किया" कहना गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत के हितों से समझौता कांग्रेस ने किया था। सीतारमण ने कहा कि बाली में ट्रेड फेलिसिटेशन समझौते पर हस्ताक्षर कर कांग्रेस आई थी, जिसमें भारत के हितों की रक्षा नहीं हुई।

### न्यूज़ ब्रीफ

## शिंदे की मौजूदगी में मेयर शर्मिला पिंपलोलकर ने संभाला कार्यभार



ठाणे। मनपा के मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए 3 फरवरी को हुए चुनाव में शिवसेना की शर्मिला रोहित पिंपलोलकर निर्विरोध मेयर और भाजपा के कृष्णा दादू पाटिल डिप्टी मेयर चुने गए थे। बुधवार को राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में नवनिर्वाचित मेयर शर्मिला पिंपलोलकर ने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान महानगरपालिका आयुक्त सौरभ राव भी उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने डिप्टी मेयर कृष्णा दादू पाटिल तथा शिवसेना के गटनेता पवन कदम का स्वागत करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवनिर्वाचित नगरसेवक और नगरसेविकाएं भी मौजूद रहे।

## पुलिस हवलदार ही निकला कातिल

**नवी मुंबई।** कलंबोली में सामने आए एक सनसनीखेज हत्याकांड ने पुलिस महकमे को झकझोर कर रख दिया है। खंडाला तालुका के सुखेड गांव में एक खेत के कुएं से जला हुआ शव मिलने के बाद पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया कि हत्या कलंबोली में की गई और शव को करीब 191 किलोमीटर दूर ले जाकर ठिकाने लगाया गया। मृतक की पहचान सोमनाथ बोबडे के रूप में हुई है। मामले की जांच कर रही लोणंद पुलिस ने महज तीन दिनों में पूरी साजिश का पर्दाफाश करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी बंडू भिसे है, जो नवी मुंबई के रबाले एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में हवलदार के पद पर कार्यरत था। आरोपी कलंबोली के रोडपाली इलाके में रहता था और मृतक सोमनाथ उसका परिचित था।पुलिस जांच में सामने आया है कि भिसे को शक था कि सोमनाथ के उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध हैं। इसी शक के चलते उसने हत्या की साजिश रची।

पुलिस के अनुसार, 5 फरवरी को बंडू भिसे ने अपने दोस्त विजय पवार, किरण गायकवाड़ और श्रीनिवास लोणे को बुलाया। इसके बाद सोमनाथ को मिलने के बहाने बुलाकर चारों ने मिलकर उसका मुंह दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को कार की अगली सीट पर रखा गया और आरोपी करीब 191 किलोमीटर दूर सुखेड गांव पहुंचा, जहां खेत के कुएं में शव फेंक दिया गया।

## महाराष्ट्र में टीएमटी बस में आग, सभी यात्री सुरक्षित

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में बुधवार दोपहर ठाणे नगर निगम परिवहन (टीएमटी) की एक बस में अचानक आग लग गई। अधिकारी ने बताया कि घटना अपराह्न करीब एक बजे राबोडी के निकट हुई। बस सीआईडीको बस डिपो से कलहेर की ओर जा रही थी। बस में उस समय लगभग 20 से 25 यात्री सवार थे, जिन्हें समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ठाणे नगर निगम की आपदा प्रबंधन इकाई के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि चालक सुशील सुहास शेलार और परिचालक सागर पाशे ने राबोडी यातायात पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर यात्रियों को तुरंत उतारने में मदद की।

# जिला नियोजन समिति के फंड का 100% उपयोग करने के निर्देश

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जिला नियोजन समिति हॉल में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला नियोजन समिति के फंड का 100 प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर और सोशल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा स्वीकृत योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन हो। बैठक में विधायक किसन कथोरे, शांताराम मोरे, नरेंद्र मेहता, महेश चौगुले, रईस शेख, निरंजन डावखरे, सुलभा गायकवाड़, नगर विकास, आवास व सार्वजनिक निर्माण (सार्वजनिक उपक्रम) के प्रधान सचिव एवं जिले के संरक्षक सचिव नवीन सोना, जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल, पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, मीरा-भायंदर, ठाणे और नवी मुंबई मनपा आयुक्त, जिला नियोजन अधिकारी वैभव कुलकर्णी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### वार्षिक योजनाओं की समीक्षा, समयसीमा तय



उपमुख्यमंत्री ने 26 सितंबर 2025 की बैठक की कार्यवाही को मंजूरी देते हुए अनुपालन रिपोर्ट स्वीकार की। वर्ष 2025-26 के जिला वार्षिक योजना, ट्राइबल सब-प्लान और अनुसूचित जाति सब-प्लान के स्वीकृत बजट की समीक्षा कर 31 मार्च 2026 से पहले 100 प्रतिशत खर्च सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्ष 2026-27 के ड्राफ्ट प्लान को समय पर मंजूरी देने और अगले वित्तीय वर्ष के लिए स्वीकृत निधि का पूर्ण उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी एजेंसियों को तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृतियां समय पर प्राप्त करने, कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने और मॉनसून से पहले आवश्यक प्रोजेक्ट पूरे करने के निर्देश दिए। नगरपालिकाओं को आवारा पशुओं के लिए शेल्टर बनाने, खतरनाक इमारतों के पुनर्विकास हेतु क्लस्टर योजना लागू करने तथा किसानों को वित्तीय सहायता और जैविक खेती को प्रोत्साहन देने की बात कही।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और सामाजिक विकास पर फोकस

शिंदे ने ट्रांसपोर्ट प्लानिंग, हेल्थ सिस्टम, रोड सेफ्टी, आईटी पार्क, एमआईडीसी, जिला अस्पताल, शिक्षा और अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की। रेलवे पर दबाव कम करने के लिए मेट्रो नेटवर्क और बाईपास रोड परियोजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जिले में बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम की शुरुआत में दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने जिले में चल रहे और प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

## फर्जी 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' गिरोह का भंडाफोड़

### रसायन कंपनी का मालिक गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधिकारियों ने ठाणे में 172 करोड़ रुपये के कथित फर्जी 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' (आईटीसी) घोटाले का पर्दाफाश किया है। इस मामले में एक रसायन कंपनी के मालिक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई सीजीएसटी और ठाणे आयुक्तालय के केंद्रीय उत्पाद शुल्क के कर अपवंचन रोधी प्रकोष्ठ द्वारा संयुक्त रूप से की गई। जांच में फ्लोरिडा सॉल्वेंट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक भौमिक गिरीशभाई गांधी को मुख्य आरोपी पाया गया। आरोप है कि उन्होंने बिना वास्तविक माल की खरीद-बिक्री के 952 करोड़ रुपये का कर अयोग्य आईटीसी फर्जी तरीके से प्राप्त कर आगे पास किया।

### गैर-मौजूद फर्मों के जरिए रची साजिश

अधिकारियों ने बताया कि रिकॉर्ड और विस्तृत जांच में सामने आया कि आरोपी ने ऐसी फर्मों के माध्यम से फर्जी आईटीसी लिया और पास किया, जो या तो अस्तित्व में नहीं थीं या जिनका जीएसटी पंजीकरण रद्द हो चुका था। आपूर्तिकर्ताओं के परिसरों पर की गई तलाशी में भी लेनदेन को फर्जी पाए जाने के संकेत मिले। गांधी के आवासीय परिसर की तलाशी में संदिग्ध दस्तावेज और अन्य साक्ष्य बरामद हुए, जो बिना माल आपूर्ति के धोखाधड़ी की पुष्टि करते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, आरोपी ने अपने स्वैच्छिक बयान में कमीशन कमाने और अवैध आय से लाभान्वित होने की बात स्वीकार की है। गांधी को 10 फरवरी को गिरफ्तार कर स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## उपमहापौर के रूप में दशरथ भगत ने संभाला पदभार

**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**

नवी मुंबई महानगरपालिका के उपमहापौर पद का कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही दशरथ भगत ने नागरिक केंद्रित कार्यप्रणाली को प्राथमिकता देते हुए नई शुरुआत की। पहले ही दिन उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, शिकायतें और नागर सुविधाओं से जुड़ी अपेक्षाएं जानीं।

### नागरिक केंद्रित कार्यप्रणाली को दी प्राथमिकता

### त्वरित समाधान के निर्देश



नागरिकों के दैनिक जीवन से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए भगत ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि शिकायतों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में सीधा संवाद, पारदर्शी निर्णय प्रक्रिया और समयबद्ध समाधान उनकी कार्यशैली के प्रमुख आधार रहेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नवी मुंबई के सर्वांगीण विकास के साथ नागरिकों को सुरक्षित, सक्षम और बेहतर नागर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। भगत ने कहा कि यह जनोन्मुख, जवाबदेह और गतिशील प्रशासन की शुरुआत है तथा जनता की सहभागिता से शहर के विकास के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

## 40 घंटे में 23.45 लाख की चोरी का खुलासा

### मोबाइल दुकान में की थी सेंधमारी, दो आरोपी गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी परिमंडल-2 के शांतीनगर पुलिस स्टेशन ने गोपालनगर स्थित एक मोबाइल दुकान में हुई 23.45 लाख रुपये की बड़ी चोरी का महज 40 घंटे में पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गए माल का बड़ा हिस्सा बरामद करने का दावा किया है।

### कांच तोड़कर दुकान में घुसे चोर



पुलिस के अनुसार 6 फरवरी 2026 की रात 11:45 बजे से 7 फरवरी की सुबह 10:00 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने गोपालनगर, कल्याण नाका स्थित पहली मंजिल पर "सिटी ज़ोन मोबाइल एंड एक्सेसरीज़" दुकान में सेंधमारी की। चोर अधूरी बनी सीमेंट की दीवार के पास का कांच तोड़कर अंदर घुसे और मोबाइल फोन, लैपटॉप व घड़ियां समेत कुल 23,45,992 रुपये का माल चुरा ले गए। इस मामले में शांतीनगर पुलिस स्टेशन में अपराध क्रमांक 104/2026 भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 305(अ), 331(3), 331(4) के तहत 8 फरवरी 2026 को मामला दर्ज किया गया। क्षेत्र में बढ़ती घरफोड़ियों को देखते हुए पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराडे (परिमंडल-2) के निर्देश पर विशेष जांच टीम गठित की गई।

## महापौर और उपमहापौर ने संभाला पदभार

**डीबीडी संवाददाता । भाईंदर**

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष नवमी तिथि के शुभ मुहूर्त पर महापौर पदभार संभालते ही प्रभाग क्रमांक 12 की नगरसेविका डिंपल मेहता शहर की प्रथम नागरिक बन गईं। इसके साथ ही मनपा में भाजपा के नेतृत्व की नई पारी की शुरुआत हुई। शहर की अधूरी सड़कों को पूरा करना, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और मनपा की खाली तिजोरी को भरना नई टीम के सामने बड़ी चुनौती होगी। मनपा की मौजूदा आर्थिक स्थिति को लेकर विधायक नरेंद्र मेहता ने पूर्व आयुक्त दिलीप ढोले पर निशाना साधते हुए कहा कि अब आर्थिक ढांचे को फिर से मजबूत आधार देने का प्रयास किया जाएगा।

### सबको साथ लेकर विकास का संकल्प



विधायक नरेंद्र मेहता ने कहा कि राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार है। सभी धर्मों और सभी दलों के नागरिकों को साथ लेकर बिना भेदभाव शहर का सर्वांगीण विकास करना लक्ष्य है। चुनाव में किए गए वादों को पूरा किया जाएगा और जनता का विश्वास टूटने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से थोड़े समय का सहयोग देने की अपील भी की।

### भ्रष्टाचार मुक्त आदर्श शहर का लक्ष्य

महापौर डिंपल मेहता ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण, विधायक नरेंद्र मेहता और शहर की जनता के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाते हुए मीरा भाईंदर को आदर्श शहर बनाने के लिए वे संकल्पित हैं।

### अनुभव और संगठन का समन्वय

प्रभाग क्रमांक 12 से दूसरी बार पार्षद बनीं डिंपल मेहता विधायक नरेंद्र मेहता के छोटे भाई विनोद मेहता की धर्मपत्नी हैं और उन्हें नगर प्रशासन का अनुभव है। वहीं ध्रुवकिशोर पाटिल तीन बार पार्षद रह चुके हैं। प्रशासनिक क्षमता और स्थानीय स्तर पर मजबूत पकड़ के कारण वे संगठन के प्रमुख चेहरों में गिने जाते हैं।

### तीव्र गति से होगा चौमुखी विकास

उपमहापौर ध्रुवकिशोर पाटिल ने कहा कि तीन वर्ष बाद शहर को महापौर और उपमहापौर मिला है। पर्यावरण, पानी, सड़क, लिंक रोड, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत विषयों पर तेज गति से काम किया जाएगा। राज्य से लेकर केंद्र तक भाजपा की सरकार होने से विकास कार्यों को गति मिलेगी।

## आउटसोर्सिंग के विरोध में 60 महिला कर्मचारियों को हटाने पर आक्रोश

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

आदिवासी विकास विभाग की आश्रमशालाओं में पिछले 20 वर्षों से धुलाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत करीब 60 महिलाओं को अचानक सेवा से हटाए जाने के बाद पालघर जिले में आक्रोश फैल गया है। राज्य सरकार द्वारा 'आउटसोर्सिंग' नीति लागू किए जाने के विरोध में भूमिपुत्र एल्गार संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रभावित महिलाओं का कहना है कि उन्होंने शुरुआत में मात्र 30 से 40 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी पर काम शुरू किया था। लंबे समय तक बेहद कम वेतन पर सेवा देने के बाद वर्तमान में उन्हें लगभग 600 रुपये प्रतिदिन मिल रहे थे। इसी बीच प्रशासन ने सामूहिक ठेका (आउटसोर्सिंग) नीति लागू कर उन्हें कार्य से हटा दिया। महिलाओं का आरोप है कि इस निर्णय से स्थानीय भूमिपुत्र परिवारों की रोजी-रोटी छिन गई है और उनके सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मामले के विरोध में सभी प्रभावित महिलाओं ने भूमिपुत्र एल्गार संगठन की सदस्यता ली है। संगठन के पदाधिकारियों ने जव्हार आदिवासी विकास परियोजना की अधिकारी डॉ. अपूर्वा बासुर से मुलाकात कर महिलाओं की समस्या से अवगत कराया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष प्रमोद पवार, महासचिव नवनाथ भोये, जिला महासचिव स्वप्नील वाघ, विजय राऊत, स्वप्नील जाधव सहित अन्य पदाधिकारी और महिला कर्मचारी उपस्थित थे।

### सरकार से पुनर्बहाली की मांग, आंदोलन की चेतावनी



भूमिपुत्र एल्गार संगठन के अध्यक्ष प्रमोद पवार ने राज्य सरकार की नीति की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि जिन स्थानीय महिलाओं ने वर्षों तक आश्रमशालाओं की सेवा की, उन्हें न्याय देने के बजाय बाहरी एजेंसियों को ठेका देकर उनका रोजगार छीना जा रहा है। यह स्थानीय भूमिपुत्रों के साथ अन्याय है। संगठन ने मांग की है कि सरकार आउटसोर्सिंग नीति में संशोधन कर इन अनुभवी महिलाओं को पुन: कार्य पर बहाल करे, अन्यथा जिलेभर में तीव्र आंदोलन किया जाएगा।

## सिविल अस्पताल में मनाया गया वर्ल्ड यूनानी डे

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

सिविल अस्पताल में 'वर्ल्ड यूनानी डे' उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. कैलाश पवार ने कहा कि स्वास्थ्य हित समाज के निर्माण के लिए पारंपरिक और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के बीच संतुलन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यूनानी चिकित्सा शरीर, मन और जीवनशैली को समग्र रूप से ध्यान में रखकर उपचार करती है, इसलिए लोगों को इस पद्धति का लाभ उठाना चाहिए।

### हकीम अजमल खान की जयंती पर आयोजन



यह दिवस प्रख्यात यूनानी चिकित्सक हकीम अजमल खान की जयंती पर मनाया जाता है। उनके योगदान की स्मृति और यूनानी पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयुष मंत्रालय देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है। कार्यक्रम में यूनानी चिकित्सा की ऐतिहासिक विरासत, वैज्ञानिक आधार और आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली में उसके योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान मधुमेह, मोटापा, त्वचा रोग और जोड़ों के दर्द जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों में यूनानी उपचार की प्रभावशीलता के बारे में जानकारी दी गई।

## पीक आवर में 'रिवर्स लेन' लागू

### ठाणे ट्रैफिक पुलिस का स्मार्ट फैसला

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ईस्टर्न एक्सप्रेसवे पर पुल निर्माण के चलते मुंबई जाने वाली फोर-लेन सड़क को दो लेन में घटाया गया था, जिससे सुबह के रश आवर में ट्रैफिक जाम की चिंता थी। लेकिन ठाणे ट्रैफिक पुलिस ने स्मार्ट प्लानिंग और रणनीतिक कदमों से स्थिति को नियंत्रण में रखा। ट्रैफिक पुलिस ने सुबह 7 बजे से 9 बजे तक पीक आवर में 'रिवर्स लेन' लागू किया। इस योजना के तहत मुंबई से ठाणे आने वाली एक लेन को बंद कर दिया गया और इसे ठाणे से मुंबई जाने वाली गाड़ियों के लिए खोल दिया गया।

### ड्राइवरों को मिली राहत



इस नए उपाय से मुंबई की ओर ट्रैफिक अब आसानी से बह रहा है। पहले घोड़बंदर, कल्याण और शहर के विभिन्न हिस्सों से आने वाली गाड़ियां एक्सप्रेसवे पर फंस जाती थीं और यात्रियों को काम पर देर से पहुंचना पड़ता था। रिवर्स लेन की वजह से लंबी गाड़ियों की कतारें अब कम हो गई हैं। ट्रैफिक पुलिस को सड़क पर खड़े होकर गाड़ियों को नियंत्रित करना, लोगों को सही दिशा दिखाना और अचानक आने वाली मुश्किलों को संभालना पड़ रहा है। सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर दिलीप पाटिल ने बताया कि यह सभी जिम्मेदारियां सावधानी और अनुशासन के साथ निभाई जा रही हैं।

## शहर में अवैध निर्माणों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई: महापौर

**डीबीडी संवाददाता । भाईंदर**

मीरा-भाईंदर मनपा में पदभार संभालते ही महापौर डिंपल मेहता एक्शन मोड में नजर आईं। प्रशासन के साथ पहली ही बैठक में उन्होंने शहर के विकास को लेकर स्पष्ट कार्ययोजना रखते हुए कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही शहर का समग्र विकास संभव है। अवैध निर्माण न केवल शहर की सुंदरता बिगाड़ते हैं, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए इन्हें पनपने नहीं दिया जाएगा। जनता से किए गए विकास कार्यों के हर वचन को सर्वोपरि बताते हुए उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और अधिकारियों के संयुक्त प्रयासों से एमबीएमसी शहर के विकास का नया अध्याय लिखेगा।

### पुराने अवैध ढांचों पर भी होगी सख्त कार्रवाई



महापौर ने शहर में बढ़ते अवैध निर्माणों पर गहरी चिंता जताते हुए 'जीरो टॉलरेंस नीति' लागू करने की घोषणा की। इसके तहत किसी भी नए अनाधिकृत निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोका जाएगा, वहीं पुराने अवैध ढांचों पर बिना किसी दबाव के सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी अधिकारी की मिलीभगत सामने आई तो उसके खिलाफ भी कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### फैसले का स्वागत

समाजसेवक जितेंद्र यादव ने महापौर के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे शहर में बढ़ रहे अवैध निर्माणों पर लगाम लगेगी और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों पर भी नकेल कसी जा सकेगी। उन्होंने इसे शहर के विकास और सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## जारा के नाम पर नकली पैंट का खेल

### आकाश कॉलोनी में कारखाने पर पुलिस का छापा

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर-5 के आकाश कॉलोनी में ब्रांडेड कंपनी 'जारा' का टैग लगाकर नकली फार्मल पैंट तैयार कर बाजार में बेचने का मामला सामने आया है। हिललाइन पुलिस ने पवन दिलीप गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 1.75 लाख रुपये का माल जब्त

जारा कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि विजय पवार (निवासी घाटकोपर) की शिकायत पर 10 जनवरी की शाम करीब 6 बजे पुलिस ने कारखाने पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान 1 लाख 75 हजार 500 रुपये कीमत की 'जारा' नाम से तैयार नकली फार्मल पैंट बरामद की गई। उल्हासनगर में कपड़ों की खरीदारी के लिए आसपास के शहरों से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। शादी-विवाह के सीजन में बाजारों में खासा रौनक रहती है। इसी भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी बिना अनुमति ब्रांडेड कंपनी के नाम का इस्तेमाल कर नकली माल तैयार कर ऊंचे दामों में बेच रहा था। नेत्रिका कन्सल्टिंग प्रा. लि. की शिकायत के आधार पर कॉपीराइट अधिनियम 1957 (संशोधित 1984 व 1994) की धारा 51 और 63 के तहत मामला दर्ज किया गया है। हिललाइन पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

महापौर चुनाव के बाद मनपा की सख्त कार्रवाई

# मुलुंड स्टेशन परिसर में 61 अवैध निर्माण ध्वस्त

## ● 1100 वर्ग मीटर क्षेत्र कराया गया खाली

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बृहन्मुंबई महानगरपालिका में महापौर और उपमहापौर के चुनाव संपन्न होते ही अवैध निर्माण और फेरीवालों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया गया है। बुधवार को मुलुंड स्टेशन परिसर में बड़ी कार्रवाई करते हुए 61 अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। महापौर पद संभालने के बाद भाजपा की रितु तावड़े ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों और




अवैध फेरीवालों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की बात कही थी। पदभार ग्रहण के तुरंत बाद कार्रवाई शुरू होने से यह संदेश गया है कि नई महापौर प्रशासनिक सख्ती को लेकर गंभीर हैं।

### 1100 वर्ग मीटर क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त

मनपा के 'टी' विभाग द्वारा 11 फरवरी 2026 को मुलुंड (पश्चिम) स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल मार्ग पर अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान करीब 1100 वर्ग मीटर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### भारी पुलिस बंदोबस्त में चला अभियान

यह कार्रवाई उपायुक्त (परिमंडल-6) संतोषकुमार धोंडे की निगरानी तथा सहायक आयुक्त ('टी' विभाग) योगिता कोल्हे के नेतृत्व में की गई। अभियान में 'टी' प्रशासनिक विभाग के विभिन्न विभागों ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। अवैध निर्माण हटाने के लिए 4 जेसीबी, 7 डंपर और अन्य मशीनरी का उपयोग किया गया। करीब 70 अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। मनपा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# मुंबई से अवैध घुसपैठियों को निकालने का रितु तावड़े ने किया ऐलान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महापौर रितु तावड़े ने अपने पहले ही भाषण में मुंबई से अवैध रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों को हटाने को अपनी शीर्ष प्राथमिकता बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि फुटपाथों पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले बांग्लादेशियों के फर्जी आधार कार्ड और जाति प्रमाण पत्रों का पता लगाया जाएगा। इस अभियान के लिए नगर निगम प्रशासन के साथ तत्काल बैठक की जाएगी और दोषियों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया जाएगा।

अवैध घुसपैठियों और फर्जी दस्तावेजों की पहचान करने के लिए महापौर ने आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया है। उन्होंने घोषणा की कि इसके लिए डिजिटल सिस्टम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की मदद ली जाएगी। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) और आरपीआई गठबंधन का मुख्य लक्ष्य मुंबई को इन अवैध तत्वों से मुक्त करना और शहर की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

घाटकोपर की पार्षद से महापौर बनीं रितु तावड़े ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े सुधारों का वादा किया है। उन्होंने घाटकोपर के राजावाड़ी अस्पताल को दिल्ली के एम्स (AIIMS) की तर्ज पर विकसित करने की घोषणा की। इसके अलावा, प्रत्येक प्रशासनिक वार्ड में डायलिसिस और कीमोथेरेपी केंद्र स्थापित करने की योजना है। हृदय रोगियों के लिए बाईपास और



प्लास्टिक सर्जरी रियायती दरों पर उपलब्ध कराने का भी प्रस्ताव रखा गया है।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएं

बुजुर्गों के सम्मान और स्वास्थ्य के लिए महापौर ने कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की। 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'ऑन कॉल एम्बुलेंस' और 'घर पर डॉक्टर' की सुविधा शुरू की जाएगी। साथ ही, वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष हेल्पलाइन और वर्ष में एक बार नगर निगम के अस्पतालों में नि:शुल्क पूर्ण शरीर जांच (Full Body Check-up) की सुविधा प्रदान करने की नीति तैयार की गई है।

### बाढ़ मुक्त मुंबई और जल प्रबंधन

मुंबई को मानसून की आपदाओं से बचाने के लिए जापानी तकनीक, IIT और VJTI के विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी। महापौर ने अगले पांच वर्षों में शहर को बाढ़ मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। जल आपूर्ति में सुधार के लिए फ्लो मीटर और रिसाव का पता लगाने वाली प्रणालियाँ लगाई जाएंगी। जो नागरिक रेन वॉटर हार्वेस्टिंग अपनाएंगे, उन्हें जल शुल्क और संपत्ति कर में विशेष छूट देने का सुझाव भी दिया गया है।

### 'त्रि-इंजन' सरकार से विकास को मिलेगी गति

रितु तावड़े ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य के बाद अब मुंबई नगर निगम में भी गठबंधन की सत्ता आने से विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने इसे 'त्रि-इंजन सरकार' बताते हुए कहा कि इससे मुंबई के बुनियादी ढांचे को विश्व स्तरीय बनाने में मदद मिलेगी।

# रोहित शेट्टी के घर फायरिंग करने वालों पर लगा मकोका

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई पुलिस ने फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के जुहू स्थित घर पर फायरिंग करने वाले आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) लगाया है। इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों की कस्टडी खत्म होने पर उन्हें विशेष मकोका अदालत में पेश किया जाएगा। कुछ आरोपी पहले से गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल बताए गए हैं। एक फरवरी को दोपहर 12:45 बजे शेट्टी की नौ मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर कम से कम पांच राउंड फायरिंग की गई थी। एक

### पांच आरोपी गिरफ्तार, स्पेशल कोर्ट में पेशी



गोली बिल्डिंग के अंदर स्थित जिम के शीशे पर लगी थी।

पुलिस ने 19 वर्षीय आदित्य गायकी, 20 वर्षीय सिद्धार्थ येनपुरे, 18 वर्षीय समर्थ पोमाजी, 23 वर्षीय स्वप्निल सकट और आसाराम फासले को गिरफ्तार किया है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य शुभम लोंकर इस मामले में वांछित है और उसने कथित तौर पर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। वह बाबा सिद्दीकी हत्याकांड और अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग मामले में भी वांछित है।

### रणवीर सिंह को भी मिली धमकी

पुलिस के अनुसार, अभिनेता रणवीर सिंह को अज्ञात लोगों से व्हाट्सएप पर धमकी मिली है। आशंका जताई जा रही है कि रंगदारी के उद्देश्य से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य इसके पीछे हो सकते हैं।

# वंदे मातरम मुसलमान विरोधी नहीं: आजमी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अबू आजमी ने वंदे मातरम के नए दिशा-निर्देशों पर टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया कि यह गीत मुसलमान विरोधी नहीं है, बल्कि उनकी धार्मिक मजबूरी है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की अपनी आस्था होती है और किसी पर किसी धर्म के अनुसार कुछ करने का दबाव नहीं होना चाहिए।

अबू आजमी ने कहा वंदे मातरम का मुसलमान विरोध नहीं कर रहा, लेकिन उसकी धार्मिक मजबूरी है। वह अल्लाह के अलावा किसी और की प्रार्थना नहीं कर सकता। जब हम विधानसभा में जाते हैं तो वंदे मातरम गाया जाता है, हम खड़े रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि




सभी की अपनी-अपनी आस्था है। अगर मैं खड़े होकर कुरान की कोई सूरा पढ़ूं और किसी गैर-मुसलमान से पढ़ने के लिए कहूं, तो यह सही नहीं होगा। आपका धर्म जो कहता है आप वह करेंगे, मेरा धर्म मुझे वह करने देता है। हम सब भारतवासी हैं और इस देश का सम्मान करते हैं।

अबू आजमी ने भाजपा पर भी टिप्पणी की और कहा कि कभी-कभी कुछ लोग ऐसे मुद्दे लाते हैं, जिससे हिंदू और मुस्लिम समुदाय के बीच विवाद पैदा हो।

# गर्लफ्रेंड, बॉयफ्रेंड और वो...

## शिवाजी नगर में युवती की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शिवाजी नगर इलाके में मंगलवार दोपहर 19 वर्षीय शिफा की नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात फुरकानिया इलाके में हुई, जहां अचानक चली गोली से आसपास दहशत फैल गई। गंभीर रूप से घायल शिफा को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। खून से सनी सड़क और खुलेआम हुई इस घटना ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही शिवाजी नगर पुलिस हरकत में आई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने और मुखबिरों की मदद से पुलिस ने 12 घंटे के भीतर दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में 25 वर्षीय

### 12 घंटे में दो आरोपी गिरफ्तार



एक महिला, जिसे मुख्य आरोपी बताया जा रहा है, और उसका 23 वर्षीय पुरुष साथी शामिल है।

### हथियार के स्रोत और तीसरे शख्स की जांच

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की हत्या से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पूछताछ जारी है और यह भी जांच की जा रही है कि वारदात में इस्तेमाल हथियार कहां से लाया गया। साथ ही, किसी तीसरे व्यक्ति की संभावित भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामला अभी शुरुआती चरण में है और आगे की जांच के बाद ही पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

### लव ट्रायंगल बना हत्या की वजह

प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम संबंध और निजी विवाद से जुड़ा पाया गया है। पुलिस के अनुसार, मृतका और आरोपियों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। जोनल डीसीपी समीर शेख ने बताया कि हत्या आपसी रिश्तों में पैदा हुए विवाद का नतीजा है। आरोप है कि महिला ने अपने साथी के साथ मिलकर शिफा की हत्या की साजिश रची।

# टीसी की सतर्कता से बची महिला यात्री की जान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेनों में सफर के दौरान एक बार फिर मानवीय सतर्कता ने एक अनमोल जान बचा ली। मध्य रेल के कुर्ला रेलवे स्टेशन पर 7 फरवरी को दोपहर करीब 12:30 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। ड्यूटी पर तैनात कमर्शियल क्लर्क कम टिकट कलेक्टर (सीसीटीसी) जॉन पॉल ने असाधारण बहादुरी का परिचय देते हुए एक बुजुर्ग महिला यात्री को मौत के मुँह से बाहर खींच लिया। रेलवे द्वारा जारी सीसीटीवी फुटेज में इस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना की पूरी तस्वीर साफ दिखाई दे रही है।

चलती लोकल से गिरी बुजुर्ग महिला



घटना उस समय हुई जब सीएसएमटी की ओर जाने वाली एक लोकल ट्रेन कुर्ला स्टेशन से रवाना हो रही थी। ट्रेन ने जैसे ही रफ्तार पकड़ी, बुजुर्ग महिला यात्री बेबी भास्कर गायकर ने चलती गाड़ी में चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन संतुलन बिगड़ने के कारण उनका पैर फिसल गया। वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच के खतरनाक अंतराल की ओर खिंचती जा रही थीं, तभी वहां मौजूद जॉन पॉल बिजली की गति से झपटे और महिला को सुरक्षित पीछे खींच लिया। इस साहसिक कार्य के दौरान जॉन पॉल के कंधे में मोच भी आई, लेकिन उनकी सतर्कता ने महिला की जान बचा ली।

### सुरक्षित घर रवानगी और रेलवे की यात्रियों से अपील

हादसे के बाद सदमे में आई महिला को तुरंत टिकट कलेक्टर कार्यालय ले जाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार और पानी दिया गया। होश में आने पर भावुक होकर उन्होंने जॉन पॉल और रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया। बाद में उनके परिजनों को सूचित कर उन्हें सुरक्षित घर भेज दिया गया। मध्य रेल प्रशासन ने जॉन पॉल के साहस की प्रशंसा की है और साथ ही यात्रियों से यह अपील भी की है कि वे अपनी जान जोखिम में डालकर चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने की कोशिश न करें, क्योंकि थोड़ी-सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

E-TENDER 1ST CALL NOTICE

MSETCL invites online bids (E-Tender) from registered contractors agencies on Mahatransco E-Tendering website **https://srmetender.mahatransco.in/** for following works

| Sr. No. | RFX No. | E-Tender No. & Description of Material | Due date & Time (Hrs.) for submission & Opening of Tender |
|---|---|---|---|
| 1 | 7000038834 | **SE/EHV/O&M/CIR/KLW/TECH/ Ten-01/26-27** E-Tender for annual Contract for hiring of bus for transport of students/ staff at MSETCo Ltd., Airoli (Kalwa) Complex for the period 01.04.2026 to 31.03.2027 | Tender Downloading Dates & time. Tender Sale period. From **Dt: 12.02.2026, 00:00 Hrs to Dt. 27.02.2026, 09:59 Hrs** **Technical Opening: Dt. 27.02.2026 at 10:00 Hrs** (Onwards if possible) **Commercial Opening: Dt. 27.02.2026 at 15:00 Hrs** (Onwards if possible) |
| | | **Tender Fee** | **Rs. 500/- + GST** |
| | | **Estimated Cost** | **Rs. 35,88,613/-** |

**Contact Person:** Executive Engineer/ Dy. Executive Engineer (O) Tel. No. 7506379055
**Note:** All eligible Supplier / Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL.

**Sd/-**
**SUPERINTENDING ENGINEER**

# उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने पीएम मोदी से की मुलाकात

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नई दिल्ली

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद सुनेत्रा पवार ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। विमान हादसे में अजित पवार के असामयिक निधन के बाद हुई इस पहली औपचारिक मुलाकात में उनके साथ उनके पुत्र पार्थ और जय पवार, साथ ही प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने परिवार को सांत्वना दी, वहीं अमित शाह ने सोशल मीडिया पर अजित पवार के विजन को साझा कर्तव्य बताते हुए कहा कि उनके जाने से राजनीति में आई रिक्तता को भरना कठिन है, लेकिन प्रदेश के विकास का उनका संकल्प जारी रहेगा।

अजित पवार के निधन के बाद उपजी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच सुनेत्रा पवार ने 31 जनवरी को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। सूत्रों के अनुसार, इस दिल्ली दौरे के दौरान वह राज्यसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे सकती हैं, ताकि वह अजित पवार के निधन से रिक्त हुई बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकें। वर्तमान में महाराष्ट्र की राजनीति में इस बात की भी प्रबल चर्चा है कि सुनेत्रा पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभाल सकती हैं और दोनों गुटों के एकीकरण की संभावनाओं पर भी मंथन चल रहा है।



### पीएम मोदी ने पार्थ और सुनेत्रा से की बात

ज्ञात हो कि 28 जनवरी को बारामती में हुए एक दुखद प्राइवेट चार्टर्ड विमान हादसे में अजित पवार की मृत्यु हो गई थी, जिसने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया था। उनके अंतिम संस्कार में गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित लाखों लोग शामिल हुए थे। संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्लेन हादसे के बाद दुख में डूबे अजित पवार के परिवार के सदस्यों से बात करके सात्वंना व्यक्त की। पीएम मोदी ने अजित पवार के बड़े बेटे पार्थ से बातचीत की। इस मुलाकात में प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे प्रमुखता से मौजूद रहे।

**मध्य रेल**
निवीदा सूचना
**निविदा सूचना क्र.: आरआर/पीआर/डब्लुसी/2133/2025-26/103**
**कार्य का विवरण:** एलएचबी कोचों की वेट-ऑन-वेट पीयू पेंटिंग।, **मात्रा:** रेट शेड्यूल के अनुसार। **निविदा समापन/खोलने और समय की तिथि:** 03.03.2026, 11:00 बजे तक।
निविदा विवरण और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाएं वेबसाइट के माध्यम से केवल ई-टेंडरिंग प्रारुप में ही स्वीकार की जाएंगी।
सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें 891

**खोया–पाया सूचना**
मैं, हिरण्या नार्जरी, INDOS संख्या 09SL4322, निवासी – ग्राम नॉर्थ गांदाबिल, पोस्ट – कोइला मोइला, जिला – चिरांग, असम – 783393, यह सूचित करता/करती हूँ कि मेरा डेक वॉच कीपिंग प्रमाणपत्र, क्रमांक CMMI/WK/NAV/16/3594, जो दिनांक 13/09/2016 को जारी हुआ था, 30/01/2026 को CST मुंबई में कहीं खो गया है।
यदि किसी को उपरोक्त दस्तावेज मिले, तो कृपया निम्न मोबाइल नंबर पर संपर्क करें:
**मोबाइल नं.: 9004362108**

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**
**घन कचरा प्रबंधन विभाग (योजना)**
क्रमांकः उप.मुख्य अभियंता/6756/SWM/योजना दिनांकः 11.02.2026
**ई-निविदा सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| विषयः | | : | कोस्टल रोड पर स्थित बायो-टॉयलेट्स हेतु पीपल काउंटर मशीन की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग (SITC) तथा संबंधित अन्य कार्य। |
| विभागः | | : | घन कचरा प्रबंधन / उप.मुख्य अभियंता (SWM) योजना |
| टेंडर आईडी नंबरः | | : | 2026_MCGM_1276151_1 |
| बोली प्रारंभ दिनांक व समयः | | : | 12.02.2026, प्रातः 11:00 बजे से |
| बोली समाप्ति दिनांक व समयः | | : | 20.02.2026, सायं 16:00 बजे तक |
| वेबसाइटः | | : | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्तिः | | | |
| अ) | नाम | : | श्री हेमंत भुसारे, सहायक अभियंता (SWM) योजना |
| ब) | दूरभाष | : | 022-23844450 |
| स) | मोबाइल नंबर | : | 9762006449 |
| द) | ईमेल आईडी | : | ee1swm.pl@mcgm.gov.in |

हस्ता/-
पीआरओ/2959/विज्ञा./2025-26 कार्यकारी अभियंता (SWM) योजना

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

## संपादकीय

# जाति के नाम पर शर्मनाक विवाद

कानपुर में हुए त्रिपाठी-ठाकुर विवाद ने एक बार फिर समाज के उस कड़वे सच को सामने ला दिया है, जिसे हम अक्सर विकास और आधुनिकता की चकाचौंध में छिपाने की कोशिश करते हैं। यह घटना केवल दो व्यक्तियों का विवाद नहीं है, बल्कि उस मानसिकता का प्रतिबिंब है जो आज भी जाति के नाम पर श्रेष्ठता और हीनता का खेल खेलती है। 21वीं सदी का भारत विज्ञान, तकनीक और अंतरिक्ष अनुसंधान में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हमारे वैज्ञानिक चांद और मंगल तक पहुंच चुके हैं, डिजिटल क्रांति ने देश को नई पहचान दी है, और भारतीय युवा विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। लेकिन इसी समय समाज के एक हिस्से में सोच इतनी पिछड़ी हुई है कि लोग आज भी अपनी पहचान मेहनत, प्रतिभा और चरित्र से नहीं, बल्कि जाति से तय करना चाहते हैं। यह स्थिति न केवल शर्मनाक है, बल्कि देश के विकास के लिए भी बाधक है। जाति व्यवस्था का मूल उद्देश्य कभी समाज को व्यवस्थित करना था, लेकिन समय के साथ यह भेदभाव और अहंकार का साधन बन गई। आज भी कई लोग केवल इसलिए गर्व महसूस करते हैं क्योंकि उनका जन्म किसी विशेष जाति में हुआ है। यह गर्व नहीं, बल्कि एक प्रकार का भ्रम है। जन्म पर किसी का नियंत्रण नहीं होता, इसलिए उसमें श्रेष्ठता का भाव रखना तर्कहीन और समाज के लिए घातक है। वास्तविक गर्व उस व्यक्ति को होना चाहिए, जिसने अपनी मेहनत, संघर्ष और प्रतिभा के बल पर जीवन में कुछ हासिल किया हो। जो किसान खेत में पसीना बहाकर अन्न पैदा करता है, जो मजदूर ईंट-पत्थर ढोकर शहर खड़ा करता है, जो वैज्ञानिक प्रयोगशाला में रातें जागकर नए आविष्कार करता है, और जो शिक्षक बच्चों को शिक्षित कर राष्ट्र का भविष्य गढ़ता है—वास्तव में वही समाज के गौरव हैं। उनके सामने जाति का अहंकार रखने वाले लोग बहुत छोटे नजर आते हैं। आज दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष विज्ञान, जैव-प्रौद्योगिकी और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। देश-देश के बीच प्रतिस्पर्धा प्रतिभा और तकनीक के आधार पर हो रही है। ऐसे समय में यदि हम जाति के नाम पर लड़ते रहेंगे, तो हम स्वयं ही अपने विकास की गति को रोक देंगे। समाज की ऊर्जा, जो राष्ट्र निर्माण में लगनी चाहिए, वह आपसी संघर्षों में नष्ट हो जाएगी। यह भी सच है कि सोशल मीडिया ने ऐसे विवादों को और अधिक हवा दी है। छोटी-सी घटना कुछ ही घंटों में राष्ट्रीय बहस बन जाती है और लोग तथ्यों से ज्यादा भावनाओं के आधार पर प्रतिक्रिया देने लगते हैं। इससे समाज में विभाजन और गहरा होता है। जरूरत इस बात की है कि हम ऐसे मामलों में संयम और विवेक से काम लें, न कि जातीय भावनाओं को भड़काकर माहौल खराब करें। देश का भविष्य उन लोगों से बनता है जो श्रम, प्रतिभा और ईमानदारी को अपना धर्म मानते हैं। इतिहास गवाह है कि महान व्यक्तित्व अपनी जाति के कारण नहीं, बल्कि अपने कर्मों के कारण पूजनीय बने। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, बाबा साहेब आंबेडकर, स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी जैसे महान लोगों को समाज ने इसलिए सम्मान दिया क्योंकि उन्होंने अपने कर्मों से इतिहास रचा।

# अपना आदमी कौन?



मीनाक्षी विजयवर्गीय
सोशल वर्कर हैं, कोटा, राजस्थान में निवास

आदमी ही आदमी को काट रहा है। महिलाओं के बारे में अक्सर कहा जाता है—औरत ही औरत की दुश्मन। यह वाक्य भी समाज के भीतर छिपे उस अविश्वास का प्रतीक है, जो रिश्तों को खोखला कर रहा है। यह सब पढ़कर शायद आपके भीतर भी कोई पुराना घाव हरा हो गया होगा—किसी अपने के द्वारा किया गया विश्वासघात। अब जरा सोचिए, भगवान का क्या हाल होगा? कितने लोग धर्म का आडंबर दिखाते हैं, पूजा-पाठ करते हैं, मंदिरों में सिर झुकाते हैं, पर क्या सच में भगवान को मानते हैं?

सृष्टि का सृजन करते देवादि देव ने मनुष्य को एक अनुपम कृति के रूप में रचा। सबसे सुंदर रचना भगवान की—हम मानव। नर में बसे नारायण। जब जीव को धरती पर भेजा गया, तो उसकी प्रार्थना थी—प्रभु, आपके बिना मैं अकेला कैसे रहूंगा? तब प्रभु स्वयं आत्मा के रूप में जीव के भीतर बस गए। बड़े शुभ संकल्पों के साथ इस सृष्टि का निर्माण हुआ। पर धीरे-धीरे मनुष्य भोग-विलास, माया और मोह के जाल में ऐसा फंस गया कि अपने ही लोगों का सर्वनाश करने लगा। प्रश्न उठता है—क्या सोचकर सृष्टि का सृजन किया था, और आज क्या हो गया? अपना आदमी था, भगवान आज बहुत दुखी है। वेदों में कहा गया—"संगच्छध्वं संवदध्वं" अर्थात मिलकर चलो, मिलकर बोलो, एकता में ही कल्याण है। इसका अर्थ यही है कि मनुष्य का सच्चा अपनापन सत्य, सहयोग और धर्म से जुड़ा होता है, स्वार्थ से नहीं। उपनिषदों का वाक्य "अहं ब्रह्मास्मि" हमें यह स्मरण कराता है कि हमारे भीतर ही परमात्मा का अंश विद्यमान है।

यदि मनुष्य अपने भीतर की इस दिव्यता को पहचान ले, तो न किसी को धोखा देगा, न किसी से भय करेगा। जीवन के छोटे-छोटे उदाहरण इस सच्चाई को आईना दिखाते हैं। कोर्ट में केस चल रहा था। सेठ जी को पूरा विश्वास था कि उनकी कालाबाजारी का केस झूठा साबित होगा। पर यह क्या? बरसों पुराने नौकर ने सब राज खोल दिए। अब वही सेठ जेल की चक्की पीस रहा है और रोज सोचता है—अपना आदमी था, धोखा दे गया। आतंकवादियों के गिरोह में पुलिस का आदमी घुसा हुआ था। सबने उसे अपना समझकर राज बता दिए, और वही सारे राज पुलिस के हाथ लग गए। तब सवाल उठता है—कौन अपना आदमी? कैसा अपनापन? महाभारत भी इसी प्रश्न का उत्तर देता है।




दुर्योधन के पास अपार सेना, भाई और समर्थक थे, पर वे सब स्वार्थ और अहंकार से जुड़े थे। दूसरी ओर पांडवों के पास केवल पांच भाई थे, पर उनके साथ श्रीकृष्ण जैसे सच्चे मार्गदर्शक थे। गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं—"उद्धरेदात्मनाऽत्मानं" अर्थात मनुष्य स्वयं अपना मित्र भी है और शत्रु भी। जो धर्म का साथ दे, वही सच्चा अपना है। रामायण में भी यही शिक्षा मिलती है। भरत के पास राज्य लेने का पूरा अवसर था, पर उन्होंने सिंहासन ठुकराकर राम की खड़ाऊं को राजसिंहासन पर रखा और स्वयं तपस्वी जीवन जिया। उन्होंने दिखा दिया कि सच्चा अपना वह है, जो स्वार्थ नहीं, धर्म का साथ दे। वहीं रावण के दरबार में अनेक अपने थे, पर केवल विभीषण ने सत्य की बात कही। रावण ने उसे पराया समझा, पर वास्तव में वही उसका सच्चा हितैषी था।

यह विडंबना है कि इंसान भगवान को धोखा देने से भी नहीं घबराता, तो आप-हम तो साधारण मनुष्य हैं।

आदमी ही आदमी को काट रहा है। महिलाओं के बारे में अक्सर कहा जाता है—औरत ही औरत की दुश्मन। यह वाक्य भी समाज के भीतर छिपे उस अविश्वास का प्रतीक है, जो रिश्तों को खोखला कर रहा है। यह सब पढ़कर शायद आपके भीतर भी कोई पुराना घाव हरा हो गया होगा—किसी अपने के द्वारा किया गया विश्वासघात। अब जरा सोचिए, भगवान का क्या हाल होगा? कितने लोग धर्म का आडंबर दिखाते हैं, पूजा-पाठ करते हैं, मंदिरों में सिर झुकाते हैं, पर क्या सच में भगवान को मानते हैं? गीता में कहा गया है कि जो हर प्राणी में एक ही आत्मा को देखता है, वही सच्चा ज्ञानी है। आज चोरी रोकने के लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाते हैं। हमें विश्वास होता है कि चोरी नहीं होगी, और अगर हुई तो चोर पकड़ा जाएगा। पर क्या हमने कभी सोचा कि ऊपर वाला तो हर पल हमें देख रहा है? उससे कुछ भी छिपा नहीं। हम कहते हैं—घोर कलयुग है। पर यह कलयुग लाया कौन? हमने। अपने ही कर्मों से, अपने ही स्वार्थ से, अपने ही छल-कपट से। हमने अपने ही लोगों को विनाश की कगार पर खड़ा कर दिया। रिश्तों में विश्वास खत्म कर दिया, और फिर कहते हैं—कोई अपना नहीं रहा। राजनीति और समाज दोनों में यही दृश्य दिखाई देता है। कहीं अपने आदमी को ऊपर उठाने के लिए दूसरों को गिराया जाता है, तो कहीं अपने ही आदमी को पराया बना दिया जाता है। छल-कपट से पद तो मिल जाता है, पर कर्म का पहिया निरंतर घूमता रहता है। समय के साथ सबका हिसाब होता है। असल सवाल यही है—अपना आदमी कौन? वह जो स्वार्थ में साथ दे, या वह जो सत्य में साथ खड़ा रहे? वह जो सामने मीठा बोले, या वह जो पीठ पीछे भी आपका हित चाहे? और सबसे बड़ा प्रश्न—क्या हम खुद अपने आदमी हैं? यदि हम स्वयं के प्रति सच्चे नहीं, तो दुनिया में कोई भी हमारा नहीं हो सकता। जब मनुष्य अपने भीतर बसे नारायण को पहचान लेगा, तब न धोखा रहेगा, न छल।

## हमारी गीता

# प्रश्न का रहस्य



स्वामिनी निष्कलानंदा
चिन्मय मिशन कल्याण


महाभारत के आरंभ में धृतराष्ट्र का एक साधारण सा प्रश्न दिखाई देता है— "मेरे और पांडु पुत्रों ने क्या किया?" पर यह प्रश्न केवल जिज्ञासा नहीं, बल्कि उसके मन की अवस्था का दर्पण है। धृतराष्ट्र को दिव्यदृष्टि नहीं थी, पर उससे भी बड़ी बात यह थी कि उसकी बुद्धि भी आसक्ति और अहंकार से ढकी हुई थी। दुर्योधन के प्रति मोह ने उसे सत्य से अंधा कर दिया था। वास्तव में कौरव और पांडव दोनों ही कुरुवंश के थे, दोनों एक ही परिवार में पले-बढ़े थे, परंतु धृतराष्ट्र ने उनमें भेद कर दिया— "मेरे" और "पांडु के"। यही भेदभाव आगे चलकर विनाश का कारण बना।



मनुष्य के भीतर सबसे पहली जो वृत्ति जागती है, वह है— "मैं"। जैसे ही नींद खुलती है, मन काम करना शुरू करता है और सबसे पहले "मैं" का भाव सामने आता है। यह अहंकार ही हमें दूसरों से अलग करता है, अपने और पराए का भेद पैदा करता है। धृतराष्ट्र भी इसी "मैं" और "मेरा" की भावना में बंधा रहा। एक राजा के लिए पूरी प्रजा उसके पुत्रों के समान होनी चाहिए, पर उसने तो अपने ही भाई के बेटों को अपना नहीं माना। दुर्योधन के प्रति प्रेम ने उसकी दृष्टि इतनी संकुचित कर दी कि वह न्याय-अन्याय, धर्म-अधर्म का अंतर भी नहीं समझ सका। गीता का यह प्रसंग हमें गहरा संदेश देता है। संजय ने दिव्य संदेश सुनाया, अर्जुन का भ्रम दूर हुआ, उसका दृष्टिकोण बदला, पर धृतराष्ट्र वैसा का वैसा ही रहा। यही हमारी स्थिति भी है। हम शास्त्र पढ़ते हैं, नियम जानते हैं, परीक्षा पास करने के लिए सब कुछ याद कर लेते हैं, पर उन्हें जीवन में नहीं उतारते। जैसे सड़क पर नियम लिखे होते हैं, हम उन्हें पढ़ते भी हैं, पर पालन नहीं करते। गीता हमें यही सिखाती है कि ज्ञान केवल सुनने या पढ़ने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए है। जब तक "मैं" और "मेरा" का भेद समाप्त नहीं होगा, तब तक सच्चा धर्म और शांति जीवन में नहीं आ सकती।

## शख्सियत — महर्षि दयानंद सरस्वती

# सत्य की खोज में आजीवन संघर्ष



महर्षि दयानंद सरस्वती भारतीय नवजागरण के उन महान पुरुषों में थे, जिन्होंने समाज को अंधविश्वास, रुढ़ियों और कुरीतियों से मुक्त करने का आजीवन संघर्ष किया।


उनका जीवन केवल एक साधु का जीवन नहीं था, बल्कि सत्य की खोज में निरंतर चलने वाले एक योद्धा का जीवन था। महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1824 को गुजरात के टंकारा नामक स्थान पर एक प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनका बचपन का नाम मूलशंकर था। उनके पिता करशनजी तिवारी एक धार्मिक और शैव परंपरा के अनुयायी थे। बचपन से ही मूलशंकर का झुकाव धर्म और आध्यात्म की ओर था। उन्हें वेद, पुराण और संस्कृत की शिक्षा दी गई। किंतु उनके जीवन का पहला बड़ा संघर्ष उस समय शुरू हुआ, जब एक शिवरात्रि के अवसर पर उन्होंने देखा कि मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर चढ़ाए गए प्रसाद को चूहे खा रहे हैं। यह दृश्य उनके मन में गहरा प्रश्न पैदा कर गया कि यदि भगवान स्वयं की रक्षा नहीं कर सकते, तो वे भक्तों की रक्षा कैसे करेंगे? इस प्रश्न ने उनके भीतर सत्य की खोज की तीव्र जिज्ञासा जगा दी। यही घटना उनके जीवन की दिशा बदलने का कारण बनी। युवावस्था में उन्होंने घर छोड़ दिया और सत्य की खोज में निकल पड़े। कई वर्षों तक उन्होंने देशभर में भ्रमण किया, अनेक संतों और विद्वानों से मिले, कठोर तपस्या की और गहन अध्ययन किया। यह उनका दूसरा बड़ा संघर्ष था—आध्यात्मिक सत्य की खोज का संघर्ष। अंततः उन्हें स्वामी विरजानंद का सान्निध्य प्राप्त हुआ, जो मथुरा में रहते थे। स्वामी विरजानंद ने उन्हें वेदों का गहन ज्ञान दिया और समाज में वैदिक धर्म के पुनरुत्थान का दायित्व सौंपा। गुरु की आज्ञा को जीवन का उद्देश्य बनाकर दयानंद ने समाज सुधार का महान अभियान शुरू किया। उन्होंने मूर्तिपूजा, जाति-भेद, बाल-विवाह, सती प्रथा और अंधविश्वासों का खुलकर विरोध किया। उस समय समाज में इन कुरीतियों की गहरी जड़ें थीं, इसलिए उनका विरोध करना आसान नहीं था। उन्हें अनेक बार विरोध, अपमान और हमलों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर उनके प्रवचनों का विरोध हुआ, परंतु उन्होंने सत्य का मार्ग नहीं छोड़ा। 1875 में उन्होंने मुंबई में आर्य समाज की स्थापना की। आर्य समाज का उद्देश्य था—वेदों के सच्चे ज्ञान का प्रचार, समाज से कुरीतियों का उन्मूलन और शिक्षा का प्रसार। उन्होंने "वेदों की ओर लौटो" का संदेश दिया, जिसने समाज में नई चेतना का संचार किया। उन्होंने स्त्री शिक्षा, विधवा विवाह और समानता का समर्थन किया, जो उस समय क्रांतिकारी विचार थे। महर्षि दयानंद ने "सत्यार्थ प्रकाश" नामक महान ग्रंथ की रचना की, जिसमें उन्होंने वैदिक सिद्धांतों का विस्तार से वर्णन किया और समाज की कुरीतियों पर प्रहार किया।

## जीवन ऊर्जा — जन्म

अब्राहम लिंकन : जन्म 12 फरवरी, 1809

# भविष्य का सबसे अच्छा अनुमान उसे बनाना है

अब्राहम लिंकन अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति थे, जिनका जन्म 12 फरवरी 1809 को हुआ। उन्होंने गृहयुद्ध के दौरान देश का नेतृत्व किया और दासप्रथा समाप्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। 14 अप्रैल 1865 को एक हमलावर ने उन्हें गोली मार दी।



अगले दिन उनका निधन हो गया। वे लोकतंत्र के महान प्रतीक माने जाते हैं। अब्राहम लिंकन के प्रेरक कथन एक साथः "लगभग सभी लोग विपत्ति सह सकते हैं, पर यदि किसी के चरित्र की परीक्षा लेनी हो तो उसे सत्ता दे दीजिए। मैं धीमा चलता हूं, पर कभी पीछे नहीं हटता। जिसका कोई शत्रु नहीं, उसका कोई चरित्र भी नहीं। जो दूसरों को स्वतंत्रता से वंचित करते हैं, वे स्वयं भी उसके योग्य नहीं होते। लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा, जनता के लिए शासन है। आप कुछ लोगों को हर समय और सभी लोगों को कुछ समय तक धोखा दे सकते हैं, पर सभी लोगों को हर समय धोखा नहीं दे सकते। भविष्य का सबसे अच्छा अनुमान उसे बनाना है। किसी पेड़ को काटने के लिए मुझे छह घंटे दीजिए, मैं पहले चार घंटे कुल्हाड़ी तेज करने में लगाऊंगा। मेरा बड़ा उद्देश्य यह नहीं कि मैं जीतूं, बल्कि यह है कि मैं सही रहूं। मैं हर उस व्यक्ति को पसंद करता हूं, जो मुझे बेहतर बनाता है। मित्र वह है, जिसके शत्रु भी वही हों जो आपके हैं। मनुष्य उतना ही खुश होता है, जितना वह अपने मन में ठान लेता है। साधारण लोग ही दुनिया के सबसे अच्छे लोग होते हैं, इसलिए भगवान ने उनकी संख्या ज्यादा बनाई है। यदि शांति चाहिए, तो न्याय करना सीखिए। जब मैं अच्छा करता हूं, तो अच्छा महसूस करता हूं; जब बुरा करता हूं, तो बुरा महसूस करता हूं—यही मेरा धर्म है। कोई भी इतना अच्छा नहीं कि वह बिना उसकी सहमति के किसी और पर शासन कर सके। अंत में, आपके जीवन के वर्षों का महत्व नहीं, बल्कि उन वर्षों में जीवन का महत्व होता है। मैं किसी को भी गुलाम नहीं बनाना चाहता।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



# मानवता, प्रेम और भाईचारे का सनातन आधार

भारतीय दर्शन में "ब्रह्म" उस परम सत्य का नाम है, जो सम्पूर्ण सृष्टि में व्याप्त है। वह न किसी एक रूप में बंधा है, न किसी विशेष स्थान में सीमित है। उपनिषदों में कहा गया है— "सर्वं खल्विदं ब्रह्म" अर्थात यह सारा जगत ही ब्रह्म है। इसका अर्थ है कि जो कुछ भी इस संसार में दिखाई देता है, वह उसी एक परम चेतना का विस्तार है। छांदोग्य उपनिषद का महावाक्य "तत्त्वमसि" बताता है कि मनुष्य और परम सत्य अलग नहीं हैं, बल्कि एक ही तत्व के रूप हैं। बृहदारण्यक उपनिषद में कहा गया है— "अहं ब्रह्मास्मि", यानी मनुष्य के भीतर वही दिव्य चेतना है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

इन वचनों का सार यही है कि हर जीव में एक ही आत्मा का प्रकाश है। जब यह समझ जीवन में उतरती है, तो भेदभाव और अहंकार स्वतः समाप्त होने लगते हैं। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं— "विद्या विनय सम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि, शुनि चैव श्वपाके च पंडिताः समदर्शिनः।" अर्थात सच्चा ज्ञानी व्यक्ति विद्वान ब्राह्मण, गाय, हाथी, कुत्ते और चांडाल में भी समान दृष्टि रखता है। यह समदृष्टि ही प्रेम और करुणा का मूल है। गीता में ही कहा गया है— "ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशे तिष्ठति", अर्थात ईश्वर सब प्राणियों के हृदय में विराजमान है।



जब हर व्यक्ति के भीतर वही परमात्मा है, तो किसी के साथ अन्याय करना या घृणा करना वास्तव में उसी परम सत्ता का अपमान है। ऋग्वेद का प्रसिद्ध वचन "एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति" भी यही बताता है कि सत्य एक है, परन्तु ज्ञानी उसे अलग-अलग नामों से पुकारते हैं। यह विचार धार्मिक सहिष्णुता और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करता है। ब्रह्म का विचार केवल दार्शनिक चिंतन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के व्यवहार में उतरने वाली सच्चाई है। भारतीय परंपरा में कहा गया है— "वसुधैव कुटुम्बकम्", अर्थात पूरी पृथ्वी एक परिवार है। जब हम सबको एक ही परिवार का सदस्य मानते हैं, तो स्वाभाविक रूप से प्रेम, सेवा और सहयोग का भाव उत्पन्न होता है। यही भावना मानवता की असली पहचान है। संतों और महापुरुषों ने भी इसी सत्य को अपने जीवन में उतारा।

कबीर ने कहा— "साईं इतना दीजिए, जामे कुटुम समाय", तो गुरु नानक ने "एक ओंकार" का संदेश दिया, जो एक ही परम सत्य की ओर संकेत करता है। इन सबका सार यही है कि ईश्वर या ब्रह्म किसी मंदिर, मस्जिद या गिरजाघर में सीमित नहीं है, बल्कि हर जीव में विद्यमान है। आज का समाज विभाजनों से भरा हुआ दिखाई देता है—धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र के नाम पर लोग एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं।

ऐसे समय में ब्रह्म का विचार हमें यह सिखाता है कि हम सब एक ही स्रोत से उत्पन्न हुए हैं और उसी में विलीन होने वाले हैं। जब मूल एक है, तो फिर भेदभाव का आधार क्या रह जाता है? यह समझ मनुष्य को विनम्र बनाती है और उसके भीतर करुणा का भाव जगाती है। वह दूसरों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझने लगता है। अंततः ब्रह्म कोई दूर की या रहस्यमयी अवधारणा नहीं है। वह हर उस क्षण में उपस्थित है, जब हम किसी जरूरतमंद की सहायता करते हैं, किसी दुखी को सांत्वना देते हैं या किसी अनजान व्यक्ति के साथ प्रेम और सम्मान से व्यवहार करते हैं। जब मनुष्य इस सत्य को समझकर अपने जीवन में उतार लेता है, तो समाज में नफरत की जगह प्रेम और भाईचारे का वातावरण बनता है। यही ब्रह्म का सच्चा अर्थ है—सबमें एक ही चेतना को देखना और उसी आधार पर मानवता, प्रेम और भाईचारे का संसार बनाना।

## अपने विचार

कम से कम 20–25 कांग्रेस सांसद लोकसभा स्पीकर के चैंबर में घुस गए और उन्हें गालियां दीं. मैं भी वहां था।स्पीकर बहुत नरम इंसान हैं, नहीं तो सख्त कार्रवाई होती। प्रियंका गांधी वाड्रा और केसी वेणुगोपाल समेत सीनियर कांग्रेस लीडर भी अंदर मौजूद थे, और वे उन्हें लड़ने के लिए उकसा रहे थे।



**किरेन रिजिजू**
केंद्रीय मंत्री

हर बार वे असदुद्दीन ओवैसी को अलादीन का जादुई चिराग बनाकर वोट मांगते हैं। आखिर सरकार तो आपकी ही है ना? अगर असदुद्दीन ओवैसी इतने विलेन हैं, तो आप उन्हें कंट्रोल क्यों नहीं कर पा रहे हैं?




**रेवंत रेड्डी**
सीएम, तेलंगाना

जब केंद्र में उनकी ही सरकार है और स्वयंसेवक सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर हैं, तो सावरकर को भारत रत्न क्यों नहीं दिया जाता, लाखों स्वयंसेवकों ने इस सरकार को सत्ता में लाने के लिए काम किया है। मोहन भागवत को यह बात सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से कहनी चाहिए।



**संजय राउत**
मुख्य प्रवक्ता,(UBT)

राजद में पिताजी की अब नहीं चलती है। कोई उनकी बात नहीं मानता है। पिताजी को इन लोगों ने बर्बाद कर दिया। ऐसे ही लोगों के कारण राजद इस बार 25 सीटें ही जीत पाई। ऐसे ही चलता रहा तो अगली बार जीरो पर आउट हो जाएगी।



**तेज प्रताप**
अध्यक्ष, जनशक्ति जनता दल

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

indiagroundreport@gmail.com

भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### सिंधी समाज की नागरिकता हेतु विधायक कुमार आयलानी ने जिलाधिकारी से की चर्चा



**उल्हासनगर।** सिंध प्रांत से आए सिंधी समाज के कई लोगों को अब तक भारत की नागरिकता न मिल पाने के गंभीर विषय को लेकर उल्हासनगर के विधायक कुमार आयलानी ने बुधवार को ठाणे जिलाधिकारी से विशेष मुलाकात की। पूर्व में विधायक के प्रयासों से अनेक नागरिकों को नागरिकता प्राप्त हुई है, किंतु अभी भी कई परिवार इस अधिकार से वंचित होकर भटक रहे हैं, जिसके समाधान हेतु आयलानी ने जिलाधिकारी से प्रक्रिया को सरल बनाने का आग्रह किया। इस सकारात्मक चर्चा के बाद जिलाधिकारी ने जल्द ही एक समीक्षा बैठक आयोजित कर मामले के निपटारे का आश्वासन दिया है, वहीं विधायक ने सूचित किया है कि नागरिकता संबंधी सहायता और जानकारी के लिए प्रभावित लोग गोल मैदान स्थित उनके कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### हर सोमवार को 'सेफ्टी डे' के रूप में मनाने का निर्देश

**मुंबई।** इलेक्ट्रिकल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महावितरण के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर लोकेश चंद्रा ने राज्य के सभी 664 सब-डिवीजन और 3291 ब्रांच ऑफिस में हर सोमवार को 'सेफ्टी डे' के रूप में मनाने का निर्देश दिया है। इस पहल के तहत सप्ताह के पहले दिन काम की शुरुआत सुरक्षा शपथ के साथ की जाएगी, जिसके बाद तकनीकी कर्मचारियों के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (PPE) और औजारों की अनिवार्य जांच की जाएगी ताकि 'ज़ीरो इलेक्ट्रिकल एक्सीडेंट' के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। प्रशासनिक स्तर पर इसकी निगरानी के लिए विशेष 'सेफ्टी ऑफिसर' नियुक्त किए गए हैं और उपकरणों के प्रबंधन हेतु 'T&P रजिस्टर मॉड्यूल' लागू किया गया है। महावितरण का यह अभियान न केवल कर्मचारियों की जान बचाने के लिए है, बल्कि जन-जागरूकता के माध्यम से उपभोक्ताओं को भी बिजली सुरक्षा के प्रति सतर्क करने का एक वैश्विक रिकॉर्ड बनाने वाला प्रयास है।

### मुंबई क्लाइमेट वीक 2026: जलवायु परिवर्तन के समाधान के लिए वैश्विक महाकुंभ

**मुंबई।** भारत का पहला 'मुंबई क्लाइमेट वीक' (MCW) 17 से 19 फरवरी 2026 तक आयोजित होने जा रहा है, जो 'ग्लोबल साउथ' के देशों के लिए जलवायु नेतृत्व का एक नया वैश्विक मंच तैयार करेगा। एनजीओ 'प्रोजेक्ट मुंबई' द्वारा महाराष्ट्र सरकार, MMRDA और बीएमसी के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य केंद्र जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर होगा।


# बिना टिकट यात्रियों पर लगाम

**सेंट्रल रेलवे ने वसूले 203 करोड़ रुपए**
**मुंबई डिवीजन में 27.39 करोड़ की हुई वसूली**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान अनधिकृत यात्रा के खिलाफ अपनी मुहिम को तेज करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 की अवधि के दौरान, रेलवे ने बिना टिकट और अवैध टिकट पर यात्रा करने वाले कुल 34.34 लाख यात्रियों को पकड़ा। इन यात्रियों से जुर्माने के रूप में रिकॉर्ड 203.76 करोड़ रुपये की वसूली की गई। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में पकड़े गए मामलों में 9.8% और जुर्माने की राशि में 21% से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो रेलवे की सख्त निगरानी को दर्शाता है।

### मुंबई उपनगरीय नेटवर्क में सघन जाँच अभियान



मुंबई की जीवनरेखा मानी जाने वाली उपनगरीय ट्रेनों में अनधिकृत यात्रा को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाए गए। चालू वित्त वर्ष के दौरान मुंबई मंडल में बिना उचित टिकट के यात्रा करने वाले 9.49 लाख उपनगरीय यात्रियों पर कार्रवाई की गई, जिनसे 27.39 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। केवल जनवरी 2026 के महीने में ही, 1.14 लाख उल्लंघनकर्ताओं को पकड़ा गया और उनसे 3.42 करोड़ रुपये की राशि एकत्रित की गई, ताकि वैध टिकट धारक यात्रियों को सुलभ यात्रा अनुभव मिल सके।

### जनवरी 2026 में राजस्व में 32 प्रतिशत का उछाल

टिकट जाँच टीमों ने जनवरी 2026 के दौरान अपने प्रदर्शन में भारी सुधार किया है। इस महीने में 3.58 लाख यात्रियों को अमान्य यात्रा अधिकारों के साथ पकड़ा गया, जबकि पिछले वर्ष जनवरी में यह संख्या 3.27 लाख थी। राजस्व के मोर्चे पर, जनवरी 2026 में 20.60 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया, जो जनवरी 2025 की तुलना में लगभग 32% की प्रभावशाली वृद्धि है।

### मंडलवार वसूली: भुसावल और मुंबई मंडल सबसे आगे

मध्य रेल ने अपने विभिन्न मंडलों के प्रदर्शन का विस्तृत विवरण साझा किया है। आंकड़ों के अनुसार, भुसावल मंडल 68.86 करोड़ रुपये की वसूली (8.18 लाख मामले) के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि मुंबई मंडल ने 14.51 लाख मामलों में 62.73 करोड़ रुपये एकत्र किए। इसके अलावा पुणे मंडल से 23.73 करोड़, नागपुर मंडल से 22.91 करोड़, सोलापुर मंडल से 9.46 करोड़ और मुख्यालय स्तर की जाँच से 16.06 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क चिकित्सा अभियान शुरू

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

धड़कबाज युवा प्रतिष्ठान, महाराष्ट्र राज्य की ओर से 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क चिकित्सा उपचार अभियान की शुरुआत दिवा शहर में की गई। समाजसेवा की भावना से प्रेरित इस पहल के तहत वरिष्ठ नागरिकों को प्राकृतिक पद्धति से उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

### वर्ष 2030 तक चलेगा अभियान

यह अभियान प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक संचालित होगा और 10 फरवरी 2025 से वर्ष 2030 तक जारी रहेगा। शुभारंभ अवसर पर प्रतिष्ठान के संस्थापक अध्यक्ष अमोल धनराज केंद्रे सहित पदाधिकारियों ने डॉ. प्रमोद जाधव का सत्कार किया। संस्थापक अध्यक्ष अमोल केंद्रे ने राज्य के वरिष्ठ नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की।

### बिना दवा और ऑपरेशन के उपचार



सांची न्यूरोपैथी एक्यूपंक्चर क्लिनिक, दिवा (पूर्व) में न्यूरोपैथी एवं एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद जाधव द्वारा हड्डियों, जोड़ों और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी बीमारियों का नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है। इसमें पक्षाघात, घुटनों का दर्द, सायटिका, कमर व गर्दन दर्द, नस दबना, रीढ़ विकार, फ्रोजन शोल्डर, संधिवात, मधुमेह, थायरॉइड, हृदय, लीवर, किडनी सहित अन्य रोगों का उपचार शामिल है। दावा है कि यह उपचार बिना दवाइयों और ऑपरेशन के, सुरक्षित तरीके से किया जा रहा है।

# पानी टंकी निर्माण ठप, 15 वर्षों से जलसंकट

**नागरिकों ने खुद किया प्रतीकात्मक भूमिपूजन, मनपा पर लापरवाही के आरोप**

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी निज़ामपुर महानगरपालिका क्षेत्र में प्रस्तावित पानी की टंकी का निर्माण कार्य महीनों से ठप होने पर स्थानीय नागरिकों का आक्रोश फूट पड़ा। मौलाना अबुल कलाम आज़ाद मैदान गार्डन में बनने वाली टंकी का काम शुरू न होने से नाराज़ लोगों ने मौके पर पहुंचकर जमीन पर कुदाल मारते हुए प्रतीकात्मक भूमिपूजन किया और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। समाजसेवक जावेद अख्तर सिराज अहमद अंसारी (जावेद किरण) के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे नागरिकों ने मनपा प्रशासन और संबंधित जनप्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि निर्माण के लिए मार्किंग का कार्य पूरा हो चुका था, लेकिन कथित रूप से एक जनप्रतिनिधि के फोन कॉल के बाद काम रोक दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने कार्य रोकने के आदेश की लिखित जानकारी, निर्माण की समय-सीमा, लागत और देरी के कारण सार्वजनिक करने की मांग की है।



### महिलाओं ने बयां किया पानी का दर्द

स्थानीय महिलाओं ने बताया कि वे पिछले 15 वर्षों से गंभीर जलसंकट झेल रही हैं। आरोप है कि चुनाव के दौरान प्रतिदिन दो घंटे पानी की आपूर्ति होती थी, जो अब बंद हो गई है। रमजान माह नजदीक होने से चिंता और बढ़ गई है। महिलाओं को सिर पर बर्तन रखकर दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है। कई बार नलों से गंदा और बदबूदार पानी आने की शिकायत भी सामने आई है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ रहे हैं। जावेद अंसारी और जावेद मोमिन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो 16 फरवरी 2026 को दोपहर 3 बजे चिंदी शाह मस्जिद से महानगरपालिका मुख्यालय तक रैली निकाली जाएगी। इसके बाद मुख्यालय के सामने मंडप लगाकर शांतिपूर्ण धरना दिया जाएगा और जरूरत पड़ी तो आमरण अनशन भी किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना महानगरपालिका की वैधानिक जिम्मेदारी है। लगातार पानी की कमी से नागरिकों का दैनिक जीवन और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। अब निगाहें मनपा प्रशासन की अगली कार्वाई पर टिकी हैं।

# भुसावल मंडल में रेलवे सुरक्षा फेंसिंग

डीबीडी संवाददाता | भुसावल

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन से प्रेरणा लेते हुए, मध्य रेलवे के भुसावल मंडल ने रेलवे पटरियों के किनारे सुरक्षा फेंसिंग का व्यापक कार्यक्रम शुरू किया है। इसका उद्देश्य अनधिकृत ट्रैक पार करने और अतिक्रमण से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है, जिससे यात्रियों और स्थानीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भुसावल मंडल में सुरक्षा फेंसिंग की यह योजना इगतपुरी–भुसावल, भुसावल–बडनेरा और भुसावल–खंडवा खंडों में लागू की गई है। यह केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक उपाय है। फेंसिंग अनधिकृत पहुँच को रोककर घातक हादसों के कारणों को समाप्त करती है और ट्रेन परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

### समयपालन और परिचालन दक्षता में सुधार



भुसावल मंडल ने MRO (मेन रन ओवर) और CRO (कैटल रन ओवर) संभावित स्थलों की पहचान कर इंजीनियरिंग उपायों के माध्यम से उनका समाधान किया है। तकनीकी रूप से उपयुक्त स्थानों पर अंडरपास बनाए जा रहे हैं, जो सुरक्षित और अधिकृत आवागमन सुनिश्चित करते हैं। मंडल में वर्तमान में 160 रोड अंडर ब्रिज (RUB) का मजबूत नेटवर्क विकसित किया गया है, जो रेलवे पटरियों पर जोखिम को कम करते हुए स्थानीय समुदायों के लिए सुरक्षित संपर्क प्रदान करता है।

### जनहित और परिचालन सुरक्षा

फेंसिंग के माध्यम से निम्नलिखित लाभ हासिल होते हैं अनधिकृत ट्रैक पार करने और दुर्घटनाओं में कमी, ट्रेन परिचालन में अवरोधों से सुरक्षा और लोको पायलट और रेलकर्मियों के मानसिक तनाव में कमी।

### संरचनात्मक सुधार और सुविधाएँ

सुरक्षा फेंसिंग अन्य अवसंरचनात्मक सुधारों के साथ समन्वित हैं, जिनमें शामिल हैं उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में स्थायी परिधि दीवार, स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज, एस्केलेटर और लिफ्ट, प्लेटफॉर्म की ऊँचाई में वृद्धि, ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच दूरी कम करना। ये उपाय वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करते हैं।

### राज्यों में सुरक्षा फेंसिंग की सफलता

गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में सुरक्षा फेंसिंग के प्रभाव से अनधिकृत प्रवेश और परिचालन रुकावट में कमी दर्ज की गई है। इन परिणामों ने रेलवे कॉरिडोर में भौतिक पहुँच नियंत्रण की प्रभावशीलता साबित की है। भुसावल मंडल ने सार्वजनिक जागरूकता को भी प्राथमिकता दी है। RPF, GRP और नागरिक प्रशासन की मदद से घर-घर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। यात्रियों को रेलवे ट्रैक पर अनधिकृत प्रवेश के खतरों से सचेत किया जा रहा है।

# भुसावल मंडल के 06 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार

डीबीडी संवाददाता | भुसावल

भुसावल मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 06 कर्मचारियों को संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मंडल रेल प्रबंधक पुनीत अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह 10 फरवरी 2026 को मंडल कार्यालय, भुसावल में आयोजित किया गया। ड्यूटी के दौरान सतर्कता बरतते हुए अप्रिय घटनाओं को रोकने और सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, पदक एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। यह पुरस्कार कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा और संरक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक हैं।

### अतिक्रमण हटाने पर 05 कर्मचारियों को विशेष सम्मान



इसके अतिरिक्त, खंडवा–घासपुरा यार्ड में लगभग 30 वर्षों पुराने अतिक्रमण को हटाकर 6000 वर्ग मीटर रेलवे भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 05 कर्मचारियों को भी प्रशंसा पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस भूमि की अनुमानित कीमत करीब 6 करोड़ रुपये आंकी गई है। मंडल रेल प्रबंधक पुनीत अग्रवाल ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि कर्मचारियों की सतर्कता और ईमानदार कार्यशैली अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी तथा इससे यात्रियों, माल और रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा और अधिक सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर एम.के. मीना, अपर मंडल रेल प्रबंधक (तकनीकी) सहित मंडल के विभिन्न वरिष्ठ शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

**महावितरण की उपभोक्ताओं से नई तकनीक अपनाने की अपील**

# स्मार्ट मीटर अपनाएं, स्मार्ट बनें

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

नवीन तकनीक न केवल लोगों के जीवन को सरल बनाती है, बल्कि कम समय में अधिक कुशल और सटीक तरीके से काम करने में भी सहायक होती है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में प्रगति के साथ कदम मिलाने के लिए नई तकनीक को अपनाना बेहद जरूरी है। भांडुप परिमंडल के मुख्य अभियंता संजय पाटील ने बिजली उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जब हम मोबाइल, टीवी, घड़ी जैसे सभी क्षेत्रों में नई तकनीक को अपना चुके हैं, तो बिजली क्षेत्र में स्मार्ट मीटर को लेकर शंका रखने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर को लेकर फैले भ्रम को दूर कर उपभोक्ताओं को महावितरण को सहयोग करना चाहिए।



### नए स्मार्ट मीटर क्यों जरूरी हैं?

बिजली मीटर बिलिंग व्यवस्था की आत्मा है। पुराने मीटर अब सटीक रीडिंग देने में सक्षम नहीं रहे हैं, इसलिए उनकी जगह स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। यह एक नियमित और आवश्यक प्रक्रिया है। मैकेनिकल, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक (चकती वाले), स्टैटिक और इलेक्ट्रॉनिक मीटरों के बाद अब डिजिटल तकनीक आधारित स्मार्ट मीटर का दौर शुरू हो चुका है।

### स्मार्ट मीटर के प्रमुख फायदे

स्मार्ट टीओडी (Time of Day) मीटर दिन के अलग-अलग समय में बिजली खपत को मापते हैं और उसी अनुसार दर लागू होती है। 1 जुलाई 2025 से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी लो-टेंशन घरेलू उपभोक्ताओं तथा हाई-टेंशन हाउसिंग सोसायटियों को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच उपयोग की गई बिजली पर प्रति यूनिट 80 पैसे से 1 रुपये तक की चरणबद्ध छूट मिलेगी। स्मार्ट मीटर से मासिक रीडिंग स्वतः ली जाती है, जिसमें किसी भी प्रकार का मानवीय हस्तक्षेप नहीं होता। इससे अनुमानित या औसत बिलिंग और बिना रीडिंग के बिल आने जैसी शिकायतें समाप्त हो जाएंगी। इसके अलावा, स्मार्ट मीटर के जरिए उपभोक्ता मोबाइल ऐप पर घंटे, दिन, सप्ताह, महीने और साल की बिजली खपत की पूरी जानकारी देख सकते हैं, जिससे वे अपने बिजली उपयोग पर बेहतर नियंत्रण रख सकते हैं। कई उपभोक्ताओं में यह गलतफहमी है कि स्मार्ट मीटर प्रीपेड होते हैं। जबकि स्मार्ट टीओडी मीटर पोस्टपेड होते हैं। यानी पहले की तरह बिजली उपयोग के बाद मासिक बिल का भुगतान किया जाता है। एक और भ्रम यह है कि स्मार्ट मीटर के लिए शुल्क देना पड़ता है। वास्तविकता यह है कि महावितरण द्वारा स्मार्ट मीटर पूरी तरह नि:शुल्क लगाए जा रहे हैं। महावितरण ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया में विभागीय कर्मचारियों को पूरा सहयोग दें और आधुनिक तकनीक का लाभ उठाएं।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना आवश्यक। पुराने रुके कामों, लेनदेन में सफलता की संभावना है।

**वृष** लेनदारी वसूल होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विशेष लाभ का योग है। आर्थिक उन्नति होगी। सामाजिक उत्तरदायित्व की पूर्ति करेंगे। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

**मिथुन** जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। संतान की गतिविधियों पर नजर रखना होगी। कामकाज का बोझ बढ़ने से व्यापार पर विपरीत असर हो सकता है। वाद-विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें। फालतू खर्च होंगे। लेन-देन में सावधानी रखें।

**कर्क** सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान की प्रगति होगी। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा। पारिवारिक स्थिति आनंददायक रहेगी। मन प्रफुल्लित रहेगा।

**सिंह** तीर्थयात्रा हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। नवीन योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दिन अच्छा होने की संभावना है। परिवार में मेल-मिलाप बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग में महत्व बढ़ेगा।

**कन्या** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। अधूरे काम समय से पूरे होने के योग हैं। नए कार्यों से लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। धन का संग्रह होगा। विवाद व जल्दबाजी से बचें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा।

**तुला** प्रयास सफल रहेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। मान-सम्मान मिलेगा। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सुख एवं पत्नी के सहयोग से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। किसी से बहस न करें। काम-धंधे में सफलता के शुभ संकेत हैं।

**वृश्चिक** यात्रा में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। दु:खद समाचार मिल सकता है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर संयम रखें। विरोधियों से सावधान रहें। परिवार की परेशानी का हल संभव है। भागीदारी के कामों में सफलता मिलेगी।

**धनु** अतिथियों का आवागमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मसम्मान बना रहेगा। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे। पारिवारिक सुख-शांति बरकरार रहेगी। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। यात्रा होगी।

**मकर** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। खर्च का बोझ बढ़ेगा। किसी पर अत्यधिक भरोसा न करें। व्यापार, नौकरी में अड़चनें आने से मनोबल में कमी आ सकती है। संतान पक्ष की चिंता रहेगी। चोट व दुर्घटना से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें।

**कुंभ** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम उठाएं। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। सोच-समझकर कार्य करना लाभप्रद रहेगा। पुरुषार्थ सफल होगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखना चाहिए। व्यापार में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे।

**मीन** बाहर सहायता से काम होंगे। प्रसन्नता रहेगी। संतान के संबंध में संतोष रहेगा। व्यावसायिक अथवा आजीविका संबंधी समस्या का समाधान हो सकेगा। थकान रहेगी। शत्रु भय रहेगा। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। पुरुषार्थ का पूर्ण फल मिलेगा।

# शक्तिस्वरूपा गुरुमाई: अध्यात्म और सेवा का अद्भुत संगम

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

आध्यात्मिक चेतना, ज्योतिष विद्या और समाजसेवा का समन्वय प्रस्तुत कर रहीं शक्तिस्वरूपा गुरुमाई, जिन्हें स्नेहपूर्वक "माई" कहा जाता है, देश-विदेश में अपनी पहचान बना चुकी हैं। ज्योतिष, वास्तु, अंकशास्त्र, कौड़ीशास्त्र और साइकिक ज्ञान में दक्ष गुरुमाई अपने मार्गदर्शन के माध्यम से लोगों को जीवन की चुनौतियों से उबरने की दिशा देती हैं।



### अध्यात्म को समर्पित जीवन

आदिशक्ति तुलजा भवानी की आराधना से प्रेरित गुरुमाई ने अपना जीवन अध्यात्म और लोककल्याण के लिए समर्पित किया है। उनके अनुयायियों का कहना है कि उनके मार्गदर्शन से अनेक लोगों को मानसिक और पारिवारिक जीवन में सकारात्मक दिशा मिली है।

### महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए पहल

गुरुमाई विभिन्न सेवाभावी संस्थाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और किसानों के बच्चों के रोजगार को बढ़ावा देने के प्रयासों से भी जुड़ी हैं। इन पहलों के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आध्यात्मिक साधना और सामाजिक सेवा के इस संगम ने शक्तिस्वरूपा गुरुमाई को प्रेरणास्रोत के रूप में स्थापित किया है। उनके संदेश और गतिविधियां समाज में सकारात्मक ऊर्जा और जागरूकता का प्रसार कर रही हैं। अधिक जानकारी के लिए: www.gurumaai.org और www.ispdhaam.org. पर संपर्क कर सकते हैं।

# योगी सरकार ने खोला खजाना




- प्रदेश की योगी सरकार ने पेश किया 9.12 लाख करोड़ का मेगा बजट
- विकास, निवेश के साथ-साथ सामाजिक संतुलन पर विशेष फोकस
- पूंजीगत व्यय 19.5%, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि को बड़ी हिस्सेदारी
- सूबे के चतुर्दिक विकास की नई योजनाओं के लिए 43000 करोड़

**एजेंसी । लखनऊ**

योगी आदित्यनाथ सरकार ने विधानसभा में अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश करते हुए प्रदेश के विकास एजेंडे को नई रफ्तार देने का दावा किया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 9 लाख, 12 हजार, 696 करोड़, 35 लाख रुपये का बजट प्रस्तुत किया, जो पिछले वर्ष 2025-26 की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है। बजट में पूंजीगत निवेश को प्राथमिकता देते हुए कुल परिव्यय का 19.5 प्रतिशत कैपिटल एक्सपेंडिचर रखा गया है। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह बजट आर्थिक अनुशासन, सामाजिक न्याय और बुनियादी ढांचे के सशक्तिकरण के संतुलन पर आधारित है। शिक्षा के लिए कुल बजट का 12.4 प्रतिशत और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 6 प्रतिशत आवंटन किया गया है, जबकि कृषि एवं उससे जुड़ी सेवाओं के लिए कुल बजट का 9 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया गया है।

### नई योजनाओं और वित्तीय अनुशासन पर फोकस

इस बजट में 43 हजार 565 करोड़ 33 लाख रुपये की नई योजनाएं शामिल की गई हैं। सरकार ने राजकोषीय अनुशासन को बरकरार रखते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजकोषीय घाटे की सीमा 3 प्रतिशत निर्धारित की है, जिसे 2030-31 तक बनाए रखने का लक्ष्य रखा गया है। वित्त मंत्री ने कानून-व्यवस्था को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि वर्ष 2016 की तुलना में डकैती, लूट, हत्या, बलवा और फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में क्रमशः 89 प्रतिशत, 85 प्रतिशत, 47 प्रतिशत, 70 प्रतिशत और 62 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

### अवसंरचना और औद्योगिक विकास पर बड़ा दांव

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास की योजनाओं के लिए 27 हजार 103 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है। एमएसएमई सेक्टर को प्रोत्साहित करने के लिए 3 हजार 822 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसमें 19 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। हस्तकरघा एवं वस्त्रोद्योग के लिए 5 हजार 41 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले साल की तुलना में पांच गुना अधिक है। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर के लिए 2 हजार 59 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जो 76 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है।

### स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा को मजबूती

चिकित्सा शिक्षा के लिए 14 हजार 997 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 37 हजार 956 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। आयुष सेवाओं के लिए 2 हजार 867 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

### सड़क, सिंचाई और जल योजनाओं पर विशेष जोर

सड़कों और पुलों के निर्माण, चौड़ीकरण और अनुरक्षण के लिए 34 हजार 468 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण योजनाओं के लिए 18 हजार 290 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं, जो पिछले वर्ष से 30 प्रतिशत अधिक है। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के लिए 22 हजार 676 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### ऊर्जा, शहरी विकास और कनेक्टिविटी

ऊर्जा क्षेत्र के लिए 65 हजार 926 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जो पिछले वर्ष से 8 प्रतिशत अधिक है। आवास एवं शहरी नियोजन के लिए 7 हजार 705 करोड़ रुपये तथा नगर विकास के लिए 26 हजार 514 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नागरिक उड्डयन क्षेत्र के लिए 2 हजार 111 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना के लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।



### एक नजर में उत्तर प्रदेश का बजट 2026-27

- कुल बजट आकार: 9,12,696.35 करोड़ – पिछले वर्ष से 12.9% अधिक
- पूंजीगत परिव्यय: 19.5% – इंफ्रास्ट्रक्चर पर मजबूत फोकस
- नई योजनाएं: 43,565.33 करोड़ की नई योजनाएं शामिल

### ग्रामीण विकास, पशुपालन और मत्स्य पालन

पंचायती राज योजनाओं के लिए 32 हजार 90 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 67 प्रतिशत अधिक है। छुट्टा गोवंश के संरक्षण और देखभाल के लिए 2 हजार करोड़ रुपये तथा वृहद गौ-आश्रय केंद्रों की स्थापना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत पुरुष घटक के लिए 195 करोड़ और महिला घटक के लिए 115 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

### शिक्षा और सामाजिक कल्याण पर बड़ा निवेश

बेसिक शिक्षा के लिए 77 हजार 622 करोड़ रुपये, माध्यमिक शिक्षा के लिए 22 हजार 167 करोड़ रुपये (15 प्रतिशत वृद्धि) और उच्च शिक्षा के लिए 6 हजार 591 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्राविधिक शिक्षा के लिए 2 हजार 365 करोड़ रुपये और व्यावसायिक शिक्षा के बजट में 88 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 3 हजार 349 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

## ब्रिटिश मौलाना के ठिकानों पर ED का छापा

- संतकबीरनगर में बड़ी कार्रवाई, विदेशी फंडिंग और दस्तावेजी अनियमितताओं की जांच, परिजनों से गहन पूछताछ

**एजेंसी । संतकबीरनगर**

उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर जिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र की मीट मंडी में स्थित मौलाना शमशुल हुदा के आवास पर छापा मारा। शमशुल हुदा भारतीय मूल के हैं और बाद में ब्रिटेन की नागरिकता ले चुके हैं। इसी क्रम में ईडी की एक अन्य टीम ने आजमगढ़ के मुबारकपुर स्थित उनके अस्थायी ठिकाने पर भी तलाशी अभियान चलाया।

सुबह से शुरू हुई इस कार्रवाई के दौरान ईडी की टीम मीट मंडी स्थित आवास के भीतर मौजूद परिजनों से पूछताछ में जुटी रही। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखते हुए घर के बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए हैं। किसी भी बाहरी व्यक्ति को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। घर के भीतर मौलाना की पत्नी और बहू मौजूद हैं, जबकि उनका पुत्र तौसीफ रजा मौके पर नहीं पाया गया। अब तक की कार्रवाई को लेकर ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के जनसंपर्क अधिकारी ने पुष्टि की कि छापेमारी बुधवार सुबह करीब आठ बजे शुरू हुई और यह पूरी तरह केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई है, जिसमें स्थानीय पुलिस को औपचारिक रूप से शामिल नहीं किया गया।



### नागरिकता और सेवा अभिलेखों में गड़बड़ी

जांच एजेंसियों के अनुसार मौलाना शमशुल हुदा ने वर्ष 2013 में भारतीय नागरिकता त्यागकर ब्रिटेन की नागरिकता ग्रहण की थी और वह वर्ष 2007 से लंदन में रह रहे हैं। इसके बावजूद आधिकारिक दस्तावेजों में उन्हें वर्ष 2017 तक आजमगढ़ के एक मदरसे में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत दिखाया गया। इस अवधि में वेतन और पेंशन जैसी सुविधाएं लेने के आरोप भी जांच के दायरे में हैं।

## जिला पंचायत सीईओ ने गिनाईं जी-राम-जी योजना की खूबियां

**सिलवासा।** दादरा नगर हवेली के जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला पंचायत सीईओ ने "जी-राम-जी" (ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन) योजना की नई खूबियों और कार्यों की जानकारी दी।




उन्होंने बताया कि यह योजना पूर्व की मनरेगा योजना का उन्नत और तकनीकी रूप है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण विकास को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। इसमें 125 दिनों का रोजगार, बेरोजगारी भत्ता, समय पर मजदूरी भुगतान, ग्राम स्तर पर योजना निर्माण की स्वतंत्रता, डिजिटल मॉनिटरिंग, जियो-टैगिंग, बायोमेट्रिक उपस्थिति और सीधे बैंक खाते में भुगतान जैसी सुविधाओं से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। सीईओ ने बताया कि जहां मनरेगा मुख्य रूप से सड़क निर्माण, तालाब खुदाई और कच्चे निर्माण कार्य पर केंद्रित थी, वहीं जी-राम-जी योजना में जल संरक्षण, कृषि विकास, ग्रामीण आधारभूत ढांचा, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ाव और स्थायी आजीविका के अवसरों को प्राथमिकता दी गई है।

## निर्यात की बारीकियां सिखाएगी जर्मनी की संस्था

- निर्यात के संबंध में अफसरों की बढ़ेगी वैश्विक समझ
- 40 अफसरों को मिलेगा विशेष कौशल प्रशिक्षण

**एजेंसी । नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की दिशा में एक और अहम कदम उठा रही है। राज्य सरकार कृषि, उद्यान तथा कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के अधिकारियों को जर्मनी की प्रतिष्ठित संस्था ग्लोबल गैप स्टैंडर्ड ऑर्गनाइजेशन के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण दिलाने जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश भर से चयनित 40 अधिकारियों को निर्यात से



जुड़ी आधुनिक तकनीकों और वैश्विक मानकों की जानकारी दी जाएगी। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों की दक्षता बढ़ाकर उन्हें किसानों को निर्यात योग्य उत्पादन, गुणवत्ता मानकों और प्रक्रियाओं के बारे में बेहतर मार्गदर्शन देने में सक्षम बनाना है। इससे प्रदेश के कृषि उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मजबूत होने के साथ-साथ किसानों की आमदनी में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

### दो चरणों में होगा प्रशिक्षण

पांच दिवसीय यह विशेष प्रशिक्षण दो बैचों में आयोजित किया जाएगा। पहला बैच 23 से 27 फरवरी तक चलेगा, जबकि दूसरा बैच 9 से 13 मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान कृषि आधारित उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय मार्केटिंग रणनीति, गुणवत्ता प्रमाणीकरण, निर्यात प्रक्रिया और वैश्विक बाजार की मांग से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

### किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

झांसी के ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक प्रखर कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान दुनिया भर में कृषि क्षेत्र में अपनाए जा रहे नवाचारों और सफल मॉडलों से अवगत कराया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मानकों की समझ विकसित होने से अधिकारी किसानों को बेहतर तरीके से मार्गदर्शन दे सकेंगे, जिससे किसान अपने उत्पादों को वैश्विक जरूरतों के अनुरूप तैयार कर सकेंगे और उन्हें बेहतर मूल्य प्राप्त होगा।

# व्यापार जगत

## SBI की लंबी छलांग, टीसीएस पीछे

- टीसीएस को पछाड़कर बनी देश की चौथी सबसे मूल्यवान कंपनी
- रिकॉर्ड शेयर भाव और मजबूत नतीजों ने बढ़ाया निवेशकों का भरोसा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के दिग्गज बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने शेयर बाजार में नया इतिहास रचते हुए आईटी सेक्टर की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) को पीछे छोड़ दिया है। मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से एसबीआई अब देश की चौथी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनी बन गया है। बुधवार को सुबह करीब 11:55 बजे के कारोबार में एसबीआई का बाजार पूंजीकरण बढ़कर लगभग




10.78 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि टीसीएस का मार्केट कैप 10.68 लाख करोड़ रुपये के आसपास रहा। इस उपलब्धि के साथ एसबीआई पहले ही निजी क्षेत्र के बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक को पछाड़ चुका है। वर्तमान में बाजार पूंजीकरण के आधार पर देश में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष स्थान पर बनी हुई है, दूसरे नंबर पर एचडीएफसी बैंक और तीसरे स्थान पर भारती एयरटेल का नाम है।

### शेयर में रिकॉर्ड तेजी

हालिया कारोबारी सत्रों में एसबीआई के शेयरों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। बुधवार को इंट्रा-डे ट्रेड में शेयर करीब 3 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,174.80 रुपये के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बीते तीन कारोबारी दिनों में इसमें लगभग 10 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है।

### मजबूत तिमाही नतीजे

एसबीआई के शेयरों में आई तेजी की सबसे बड़ी वजह बैंक के शानदार तिमाही नतीजे माने जा रहे हैं। दिसंबर तिमाही में बैंक ने अब तक का सबसे अधिक तिमाही मुनाफा दर्ज करते हुए 21,028 करोड़ रुपये की कमाई की, जो सालाना आधार पर 24.5 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इस दौरान बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम 9 प्रतिशत बढ़कर 45,190 करोड़ रुपये रही, जबकि नेट इंटरेस्ट मार्जिन करीब 2.99 प्रतिशत के स्तर पर स्थिर बना रहा।

### माहभर में 16% की बढ़त

पिछले एक महीने के दौरान एसबीआई का शेयर करीब 16 प्रतिशत चढ़ा है, जबकि इसी अवधि में सेंसेक्स में महज 0.5 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली। इसके उलट टीसीएस के शेयरों में करीब 9 प्रतिशत की गिरावट आई है।

## सर्राफा बाजार में सोना मजबूत

- चांदी पर बिकवाली का दबाव, 11,200 रुपये प्रति किलोग्राम टूटी




**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने ने मजबूती दिखाई, जबकि चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। कारोबार के दौरान सोना 10 ग्राम पर 800 से 870 रुपये तक महंगा हुआ, वहीं चांदी 11,200 रुपये प्रति किलोग्राम टूट गई। कीमतों में इस उतार-चढ़ाव के चलते देशभर के सर्राफा बाजारों में निवेशकों और खरीदारों की नजरें भावों पर टिकी रहीं। तेजी के बाद 24 कैरेट सोना देश के विभिन्न बाजारों में 1,58,790 रुपये से 1,58,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार करता दिखा। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,560 रुपये से 1,45,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच रही। दूसरी ओर, चांदी की कमजोर चाल के चलते दिल्ली सर्राफा बाजार में इसका भाव गिरकर 2,89,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,58,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,710 रुपये प्रति 10 ग्राम पर दर्ज किया गया। आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,58,790 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,45,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रहा।

## दिनभर की खींचतान के बावजूद बढ़े ₹41 हजार करोड़

- सेंसेक्स हल्की कमजोरी के साथ बंद, निफ्टी मामूली बढ़त में रहा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को पूरे कारोबारी सत्र के दौरान उतार-चढ़ाव का माहौल बना रहा। शुरुआती बढ़त के बाद बाजार में खरीद और बिकवाली के बीच लगातार संघर्ष देखने को मिला, जिसका असर यह रहा कि अंत में दोनों प्रमुख सूचकांक लगभग सपाट स्तर पर बंद हुए। सेंसेक्स जहां मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ, वहीं निफ्टी ने हल्की बढ़त के साथ कारोबार का समापन किया। दिन की शुरुआत सकारात्मक संकेतों के साथ हुई थी, लेकिन कुछ ही देर में मुनाफावसूली हावी हो गई। दिन के अलग-अलग चरणों में बाजार कभी तेजी तो कभी कमजोरी के दौर से गुजरा। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 0.07 प्रतिशत की बढ़त दर्ज करने में सफल रहा।



### सेक्टरवार मिला-जुला रुख

कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, पीएसयू बैंक और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स शेयरों में खरीदारी का रुझान बना रहा। इसके अलावा कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर में भी मजबूती देखने को मिली। इसके विपरीत, पीएसई, टेक्नोलॉजी, एफएमसीजी और आईटी सेक्टर के शेयरों पर बिकवाली का दबाव बना रहा। सीमित दायरे में कारोबार के चलते मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक भी लगभग बिना बदलाव के बंद हुए।

### बाजार पूंजी 474.89 लाख करोड़

बाजार की चाल सपाट रही, इसके बावजूद निवेशकों की कुल संपत्ति में इजाफा हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर 474.89 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) पर पहुंच गया, जो पिछले कारोबारी दिन 474.48 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को एक ही सत्र में करीब 41 हजार करोड़ रुपये का फायदा हुआ।

### बढ़त के साथ 1971 शेयर

बीएसई में 4,383 शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,971 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,251 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। 161 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। एनएसई में 2,909 शेयरों में ट्रेडिंग हुई, जिनमें 1,307 शेयर हरे निशान में और 1,602 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

## स्टॉक एक्सचेंज पर ब्रैंडमैन रिटेल की दमदार एंट्री

- पहले ही दिन शेयर अपर सर्किट पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल स्पोर्ट्स और लाइफस्टाइल ब्रांड्स की मार्केटिंग से जुड़ी ब्रैंडमैन रिटेल लिमिटेड ने शेयर बाजार में शानदार आगाज किया है। कंपनी के शेयरों ने एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर प्रीमियम के साथ एंट्री करते हुए अपने आईपीओ निवेशकों को पहले ही दिन अच्छा रिटर्न दिया। 176 रुपये के इश्यू प्राइस वाले शेयर 183 रुपये पर लिस्ट हुए, जो करीब 4




प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। लिस्टिंग के कुछ ही समय बाद शेयरों में जोरदार खरीदारी देखने को मिली और यह 192.15 रुपये के अपर सर्किट स्तर तक पहुंच गए।

### आईपीओ को मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स

ब्रैंडमैन रिटेल का 86 करोड़ रुपये का आईपीओ 4 से 6 फरवरी के बीच खुला था, जिसे निवेशकों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। यह आईपीओ कुल मिलाकर 114.48 गुना सब्सक्राइब हुआ। इसमें क्यूआईबी श्रेणी में 85.24 गुना, नॉन-इंस्टीट्यूशनल निवेशकों के लिए 202.98 गुना और रिटेल निवेशकों के हिस्से में 93.12 गुना सब्सक्रिप्शन दर्ज किया गया।

### मजबूत होती वित्तीय सेहत

कंपनी के प्रॉस्पेक्टस के अनुसार ब्रैंडमैन रिटेल की वित्तीय स्थिति में लगातार सुधार देखने को मिला है। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ 153.33 प्रतिशत की छलांग लगाकर 20.95 करोड़ रुपये हो गया, जबकि कुल आय 10.37 प्रतिशत बढ़कर 136.30 करोड़ रुपये तक पहुंची।

इनकम टैक्स रूल्स 2026 का मसौदा जारी

## बड़ी नकद निकासी और वाहन खरीद पर सख्ती

**एजेंसी । नई दिल्ली**

CBDT यानी सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज़ ने इनकम टैक्स रूल्स 2026 का ड्राफ्ट जारी किया है। इस ड्राफ्ट का मकसद आयकर नियमों को आसान और ज्यादा स्पष्ट बनाना बताया गया है। ड्राफ्ट में कई ऐसे अहम प्रस्ताव शामिल हैं, जिनका सीधा असर आम करदाताओं पर पड़ेगा। ड्राफ्ट के मुताबिक, किसी वित्तीय वर्ष में 10 लाख रुपये या उससे अधिक की रकम जमा करने या निकालने पर PAN देना जरूरी होगा। अभी तक यह नियम एक दिन में 50 हजार रुपये जमा करने पर लागू होता था, जिसे बदलने का प्रस्ताव रखा गया है। वाहन खरीद से जुड़े नियमों में भी बदलाव का सुझाव दिया गया है। प्रस्ताव के अनुसार, 5 लाख रुपये या उससे महंगी कार या दोपहिया वाहन खरीदने पर PAN अनिवार्य होगा। फिलहाल किसी भी कीमत की



गाड़ी खरीदने पर PAN देना जरूरी है। नए इनकम टैक्स एक्ट में कई बदलाव ड्राफ्ट में होटल, रेस्टोरेंट और अन्य कार्यक्रमों में किए जाने वाले भुगतान की सीमा बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। इसे मौजूदा 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये करने की बात कही गई है। अचल संपत्ति से जुड़े लेनदेन को लेकर भी सीमा में इजाफे का प्रस्ताव रखा गया है। ड्राफ्ट के अनुसार, 20 लाख रुपये या उससे अधिक की संपत्ति खरीदने, बेचने या उपहार में देने पर PAN देना अनिवार्य होगा।

## अफगानों से दो सुपर ओवर के बाद
# जीता दक्षिण अफ्रीका



**एजेंसी । अहमदाबाद**

एक बार फिर डबल सुपर ओवर में किस्मत अफगानिस्तान दगा दे गई। जीत की दहलीज पर पहुंचकर चूक गया। दो साल पहले बेंगलुरु में भारत से उसे हार मिली थी तो बुधवार को दक्षिण अफ्रीका ने उसे दिल तोड़ने वाली पराजय झेलनी पड़ी। सांसें रोकने वाले और रोमांच की पराकाष्ठा तक पहुंचे मैच में हार के साथ अफगानिस्तान की टी-20 विश्व के सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदों को भी झटका लगा है। विश्व कप के 19 साल के इतिहास में पहली बार किसी मैच का फैसला दो सुपर ओवर में हुआ। दोनों सुपर ओवरों में कुल नौ छक्के और चार चौके लगे।

### रिकेल्टन-डिकॉक की साझेदारी

दक्षिण अफ्रीका ने रेयान रिकेल्टन (61) और डिकॉक (59) के बीच दूसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 187 रन बनाए। टीम ने कप्तान मार्करम का विकेट तीसरे में गंवा दिया था। इन दोनों के अलावा ब्रेविस ने 23, मिलर ने नाबाद 20 और यानसेन ने 16 रन का योगदान दिया। अफगानिस्तान की तरफ से उमरजई ने तीन और कप्तान राशिद खान ने दो विकेट लिए।

### टी-20 क्रिकेट में एक मैच में चौथी बार दो सुपर ओवर

2020 मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को पराजित किया

2024 भारत ने अफगानिस्तान को हराया

2025 नीदरलैंड्स ने नेपाल को मात दी

2026 दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हराया

### गुरबाज नहीं दिला पाए जीत

अफगानिस्तान के लिए अउमरजई दूसरा सुपर ओवर करने के लिए आए। स्टब्स ने छक्के से उनका स्वागत किया। फिर एक रन लिया। मिलर दो रन लेने के बाद लगातार दो छक्के और फिर दो रन लेकर 23 रन बना दिए। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने पहली दो गेंद पर कोई रन नहीं दिया। अगली पर नबी को आउट किया। गुरबाज ने इसके बाद लगातार तीन छक्के लगाए लेकिन आखिरी गेंद पर वह आउट हो गए और 19 रन ही बने।

### पहले सुपर ओवर में बने 17 रन

पहले सुपर ओवर में अफगानिस्तान ने 17 रन बनाए। अजमतुल्लाह उमरजई ने लुंगी के इस ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाने के साथ तीन रन सिंगल से लिए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने फजलहक फारुकी के ओवर में इतने ही रन बनाए। मिलर ने पहले गेंद पर एक रन लिया। ब्रेविस ने दूसरी पर छक्का जड़ा और अगली पर आउट हो गए। ट्रिस्टन स्टब्स ने आते ही चौका मारा। अगली गेंद पर कोई रन नहीं बना। आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर मैच को दूसरे सुपर ओवर में पहुंचा दिया।

### नूर ने बराबर किया स्कोर

अफगानिस्तान ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज (84) की सहासिक पारी के बावजूद 19 .4 ओवर में 187 रन पर आउट हो गया। टीम ने अच्छी शुरुआत की। गुरबाज ने इब्राहिम के साथ पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। इसके बाद हालांकि उसने दो रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। जब टीम को 18 गेंद पर 30 रन की जरूरत थी तब लुंगी ने उमरजई (22) और उसके बाद यानसेन ने राशिद (20) आउट कर दिया। नूर अहमद ने दो छक्कों से 15 रन बनाकर स्कोर बराबर करवाया।

### अब जीतने होंगे दोनों मैच

अफगानिस्तान की यह लगातार दूसरी हार है। उसे सुपर-8 में पहुंचने के लिए अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने के साथ ही अन्य मैचों के परिणाम भी अनुकूल रहने के लिए दुआ करनी होगी। वहीं लगातार दूसरी जीत से दक्षिण अफ्रीका के चार अंक हो गए हैं।

### अफगानिस्तान पहली टीम

अफगानिस्तान अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में एक मैच में दो बार सुपर ओवर खेलने और दोनों में ही हारने वाली पहली टीम है। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार दो सुपर ओवर खेले। यह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में तीसरी जबकि कुल चौथी बार एक मैच में दो सुपर ओवर हुए।

## इटली के खिलाफ नेपाल की निगाह जीत दर्ज करने पर



**एजेंसी । मुंबई**

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बुधवार को नेपाल का सामना इटली से होगा, जहाँ नेपाली टीम अपनी पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। हालांकि नेपाल ने 12 साल पहले 2014 के विश्व कप में अफगानिस्तान और हांगकांग को हराकर शानदार शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद से वे जीत के लिए तरस रहे हैं। पिछले मैच में इंग्लैंड जैसी दिग्गज टीम को कड़ी टक्कर देने के बाद नेपाल का आत्मविश्वास काफी ऊंचा है और वे इस बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। पिछले रविवार को नेपाल ने पूर्व चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ अद्भुत खेल दिखाया था। एक समय ऐसा लग रहा था कि नेपाल बड़ा उलटफेर कर देगा, लेकिन अंत में उन्हें मात्र 4 रन से हार का सामना करना पड़ा।

### नेपाल की बल्लेबाजी और सुधार के क्षेत्र

नेपाल की बल्लेबाजी काफी संतुलित नजर आ रही है। कुशल भुर्टेल शीर्ष क्रम में आक्रामक शुरुआत देते हैं, जबकि कप्तान रोहित पौडेल, दीपेंद्र सिंह ऐरी और आरिफ शेख मध्य क्रम को स्थिरता प्रदान करते हैं। विशेष रूप से लोकेश बाम ने जोफ्रा आर्चर जैसे गेंदबाजों के खिलाफ निडर बल्लेबाजी कर सबको प्रभावित किया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अश्विन ने पाक स्पिनर के एक्शन का किया बचाव

**नई दिल्ली।** रविचंद्रन अश्विन ने पाक स्पिनर उस्मान तारिक का बचाव किया है जिनके गेंदबाजी एक्शन पर अमेरिका के खिलाफ पाक की जीत के बाद चर्चा हो रही है। 28 साल के इस खिलाड़ी के अनोखे एक्शन में रन-अप में खास रुकावट और साइड-आर्म रिलीज शामिल है। इसने लोगों का ध्यान खींचा और सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना हुई। पर भारत के पूर्व ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने एक्स पर लिखा, उनके एक्शन की वैधता आईसीसी जांच केंद्र में ही टेस्ट की जा सकती है। 15 डिग्री के कोहनी घुमाव के नियम को मैच के दौरान मैदानी अंपायर सही तरीके से नहीं आंक सकते। ऐसे में बिना जांच आरोप लगाना गलत होगा। डिलीवरी स्ट्राइड में रुकावट पर उन्होंने कहा कि अगर यह गेंदबाज के एक्शन का हिस्सा है तो यह कानूनी है।

### मार्श पहले मैच से बाहर, स्मिथ टीम में शामिल

**कोलंबो।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श इस हफ्ते के शुरू में ट्रेनिंग में हुई 'ग्रोइन' की तकलीफ के कारण आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप के शुरुआती मैच से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह स्टीव स्मिथ को टीम में लिया गया है। ट्रेविस हेड टीम की अगुआई कर रहे हैं। 'स्टैंडबाय' स्टीव स्मिथ ने एक साल से कोई टी-20 अंतरराष्ट्रीय नहीं खेला है, लेकिन इस प्रारूप में अच्छी फॉर्म में हैं। वह श्रीलंका जाकर वहां के माहौल से तालमेल बिठाने के लिए तैयारी करेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बयान में कहा गया, मिचेल मार्श को लगातार दर्द और बेचैनी हो रही है। चोट की वजह से उन्हें 'टेस्टिकुलर' रक्तस्राव हुआ है। उन्हें आराम और रिहैबिलिटेशन की जरूरत होगी।

### जर्मनी ने पाक को 5-2 से रौंदा, अर्जेंटीना भी जीता

होबार्ट। एफआईएच प्रो लीग हॉकी में बुधवार को पाकिस्तान को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। उसे मौजूदा विश्व चैंपियन और चार बार की ओलंपिक चैंपियन जर्मनी ने 5-2 से जोरदार शिकस्त दे दी। इसके अलावा एक अन्य मुकाबले में पूर्व विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को अर्जेंटीना के हाथों 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। पाक की ओर से सूफयान खान ने पेनाल्टी कॉर्नर पर जबकि मुहम्मद अम्माद ने मैदानी गोल किया। दूसरी ओर, जर्मनी की ओर से दो गोल पेनाल्टी कॉर्नर पर हुए जबकि तीन खिलाड़ियों ने मैदानी गोल करके टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस हार के बाद पाक टीम छह मैच में छह हार के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे नीचे है। जर्मनी की टीम पांच मैच में दो जीत और तीन हार के साथ पांचवें स्थान पर है।

## हसरंगा के बिना ओमान के ख़िलाफ़ जीत की लय बरक़रार रखने उतरेगी श्रीलंका

**एजेंसी । पल्लेकेले**

पल्लेकेले में होने वाले इस मुकाबले में श्रीलंका की टीम प्रबल दावेदार के रूप में मैदान पर उतरेगी। ओमान के खिलाफ श्रीलंका का रिकॉर्ड शानदार रहा है, जहां उन्होंने अब तक खेले गए तीनों अंतरराष्ट्रीय मैचों में जीत दर्ज की है। अपनी घरेलू परिस्थितियों में श्रीलंकाई टीम और भी घातक हो जाती है, जिससे ओमान के लिए उन्हें चुनौती देना आसान नहीं होगा। हालांकि, घरेलू समर्थन के बावजूद टीम को एक संतुलित प्रदर्शन की आवश्यकता होगी। श्रीलंका के लिए सबसे बड़ा झटका स्टार लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा का चोट के कारण बाहर होना है।



### प्रमुख खिलाड़ियों पर जिम्मेदारी

हसरंगा की गैर-मौजूदगी में अब महीश तीक्षणा और दुनित वेल्लालगे को स्पिन विभाग की कमान संभालनी होगी, जबकि नए शामिल खिलाड़ी दुशान हेमंता खुद को साबित करना चाहेंगे। बल्लेबाजी में पतुम निसंका और कुसल मेंडिस जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ कामिंडु मेंडिस पर नजरें रहेंगी, जिन्होंने पिछले मैच में 19 गेंदों में 44 रनों की तूफानी पारी खेली थी। कामिंडु की स्पिन खेलने की क्षमता बीच के ओवरों में टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

## टीम इंडिया की निगाह बड़ी जीत पर

- नामीबिया से होगा आज भारतीय टीम का सामना
- पाक से मैच से पहले अभ्यास की तरह होगा यह मुकाबला
- आक्रामक खेल खेलना होगा बल्लेबाजों को

**एजेंसी । अहमदाबाद**

अमेरिका के खिलाफ पहले मुकाबले में नजदीकी जीत दर्ज करने के बाद विश्व चैंपियन भारत अब नामीबिया को हल्के में लेने की गलती नहीं करेगा। सूर्यकुमार की टीम गुरुवार को नामीबिया पर बड़ी जीत के साथ सुपर आठ के करीब पहुंचने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम के लिए यह मैच पाकिस्तान के खिलाफ 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले मुकाबले से पहले अभ्यास मैच की तरह होगा।



अमेरिका के खिलाफ वानखेड़े की चिपचिपी पिच पर बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। अब उन्हें अरुण जेटली स्टेडियम पर आक्रामक खेल दिखाना चाहेगा, जिसे बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन पिच कहा जा सकता है। भारत अगर टॉस जीतता है तो वह पहले बल्लेबाजी करना चाहेगा ताकि उसके बल्लेबाजों को हाथ खोलने के पर्याप्त मौके मिल सके।

### नंबर गेम

**1** मैच दोनों ने खेला है जिसमें भारत ने नामीबिया को नौ विकेट से धोया था

**5** 5 साल साल बाद दोनों टीमें होंगी आमने-सामने, 2021 के विश्वकप में हुई थी भिड़ंत

### संजू को मिल सकता है मौका

अभिषेक पेट में संक्रमण के चलते मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह खराब फॉर्म से जूझ रहे संजू सैमसन के लिए लय में लौटने का एक सुनहरा मौका साबित हो सकता है। लगातार असफलताओं के चलते उन्हें अपनी जगह ईशान के हाथों गंवानी पड़ी हैं। ईशान शानदार फॉर्म में हैं। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने कहा, संजू अच्छा महसूस कर रहे हैं। चोटिल खिलाड़ी के स्थान पर टीम में अपनी भूमिका को समझ रहे हैं। वह एक नेक इंसान हैं, टीम के साथ उनका व्यवहार अच्छा है। वह अच्छी तरह से अभ्यास कर रहे हैं और टीम में हम सभी से यही उम्मीद करते हैं।

### सूर्या का बोल रहा बल्ला

अमेरिका के खिलाफ सूर्यकुमार का बोला खूब गरजा था। उन्होंने अकेले अंत तक टिके रहकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया था। टीम को उनसे एक और धमाके की उम्मीद होगी।


# बॉलीवुड

## '3 इडियट्स' और 'मुन्ना भाई 3' के सीक्वल को लेकर बोले राजकुमार हिरानी



आमिर खान स्टारर ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल को लेकर लंबे समय से अटकलें लगाई जा रही थीं। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि निर्देशक राजकुमार हिरानी इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर चुके हैं, लेकिन कलाकारों की ओर से कोई ठोस बयान सामने न आने के कारण फैंस असमंजस में थे। अब खुद राजकुमार हिरानी ने इन चर्चाओं पर विराम लगाते हुए साफ किया है कि दोनों ही लोकप्रिय फिल्मों के सीक्वल उनके दिमाग में जरूर हैं, लेकिन अभी शुरुआती चरण में हैं। एक इंटरव्यू में हिरानी ने बताया कि वह इस समय 'मुन्ना भाई' और '3 इडियट्स' दोनों फ्रेंचाइजी के आइडियाज पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'मुन्ना भाई 3' के लिए उनके पास एक मजबूत विचार है, जिसे बड़े स्तर पर सोचा गया है, लेकिन कहानी का संतोषजनक अंत अभी तय नहीं हो पाया है। इसी वजह से स्क्रिप्ट पर काम जारी है। '3 इडियट्स' के सीक्वल को लेकर हिरानी ने खुलासा किया कि हाल ही में अचानक उन्हें एक नया विचार आया, जिसके बाद इस पर चर्चा शुरू हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिल्म अभी बनी नहीं है, बल्कि सिर्फ आइडिया स्टेज पर है। उनके पास फिलहाल 3-4 अलग-अलग स्क्रिप्ट्स और कॉन्सेप्ट्स हैं, जिनमें से यह तय किया जाएगा कि अगला प्रोजेक्ट कौन सा होगा। राजकुमार हिरानी की पिछली फिल्म 'डंकी' (2023) थी, जिसमें शाहरुख खान मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अब दर्शकों की नजर इस बात पर टिकी है कि हिरानी आखिर किस फिल्म को पहले लेकर आते हैं।

## फिल्म 'महावतार' में विक्की कौशल के लुक को लेकर उत्सुकता बढ़ी



अभिनेता विक्की कौशल के लिए साल 2025 करियर का सबसे सफल दौर साबित हुआ। उनकी ऐतिहासिक पीरियड ड्रामा फिल्म 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड तोड़ कमाई की और पूरे साल चर्चा में रही। फिल्म में उनके दमदार अभिनय ने दर्शकों और समीक्षकों दोनों को प्रभावित किया। फिलहाल अभिनेता संजय लीला भंसाली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लव एंड वॉर' की तैयारी में व्यस्त हैं। इसी बीच उनकी एक और महत्वाकांक्षी फिल्म 'महावतार' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसमें वह भगवान विष्णु के छठे अवतार चिरंजीवी परशुराम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। 'महावतार' एक भव्य पौराणिक महाकाव्य होगी, जिसका निर्देशन 'स्त्री' फेम अमर कौशिक कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस किरदार के लिए विक्की को जबरदस्त शारीरिक बदलाव से गुजरना होगा। भगवान परशुराम की योद्धा छवि को पर्दे पर उतारने के लिए उन्हें मजबूत और गठीला शरीर बनाना पड़ेगा। 'छावा' में उनके ट्रांसफॉर्मेशन को देखते हुए मेकर्स को भरोसा है कि विक्की इस चुनौतीपूर्ण भूमिका में भी पूरी तरह ढल जाएंगे। फिल्म का स्केल बेहद भव्य बताया जा रहा है, जिससे दर्शकों को एक विजुअली ग्रैंड अनुभव मिलने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, 'लव एंड वॉर' की शूटिंग के कारण विक्की अभी 'महावतार' के लिए फिजिकल ट्रेनिंग शुरू नहीं कर पाए हैं। इस फिल्म के लिए उन्हें एथलेटिक नहीं, बल्कि पहलवान जैसी मजबूत काया बनानी होगी। प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है और फिल्म की शूटिंग अक्टूबर से शुरू होने वाली है, जो करीब आठ महीनों तक चलेगी। फिल्म में धारिणी के किरदार के लिए मुख्य अभिनेत्री की तलाश जारी है। दर्शकों के बीच इस पौराणिक गाथा को लेकर अभी से जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

## मुश्किल दौर में राजपाल यादव को मिला इंडस्ट्री का साथ, मैनेजर ने किया खुलासा



कॉमेडी अभिनेता राजपाल यादव इन दिनों अपनी जिंदगी के बेहद कठिन दौर से गुजर रहे हैं। भारी कर्ज और लंबे समय से चल रही कानूनी लड़ाई ने उनकी परेशानियों को और बढ़ा दिया है। लगभग 9 करोड़ रुपये के वित्तीय संकट के चलते उन्हें हाल ही में तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करना पड़ा। उनकी मौजूदा हालत को देखते हुए फिल्म इंडस्ट्री के कई लोग मदद के लिए आगे आए हैं, जिससे यह साबित होता है कि मुश्किल वक्त में भी बॉलीवुड अपने कलाकारों के साथ खड़ा रहना जानता है। सबसे पहले अभिनेता सोनू सूद ने खुलकर समर्थन जताया। उनके बाद गुरमीत चौधरी और संगीत निर्माता राव इंद्रजीत सिंह ने भी सहायता का हाथ बढ़ाया। उनकी सार्वजनिक अपील के बाद अन्य कलाकारों ने भी एकजुटता दिखाई। रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान, अजय देवगन और वरुण धवन समेत कई बड़े सितारे राजपाल यादव की मदद के लिए आगे आए हैं। राजपाल यादव के मैनेजर गोल्डी ने बताया, अभिनेता की मदद के लिए बहुत से लोग आगे आए हैं। सोनू सूद, सलमान खान और अजय देवगन जैसे अभिनेताओं ने अपना समर्थन दिया है। मेरी हाल ही में डेविड धवन से भी बात हुई, उन्होंने भी सहयोग का भरोसा दिलाया है। गोल्डी ने आगे कहा कि फिल्म इंडस्ट्री राजपाल के साथ मजबूती से खड़ी है, लेकिन आर्थिक और कानूनी प्रक्रियाओं में समय लगता है।

## 'सूबेदार' का टीजर रिलीज




बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर डिजिटल दुनिया में एक सशक्त अवतार के साथ कदम रखने जा रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सूबेदार' का आधिकारिक ऐलान कुछ दिन पहले किया गया था और अब मेकर्स ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसी के साथ फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया गया है। एक्शन और इमोशन से भरपूर इस थ्रिलर फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है, जबकि अनिल कपूर खुद इसके सह-निर्माता भी हैं। फिल्म में राधिका मदान मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आएंगी, जिनकी भूमिका कहानी में अहम मोड़ लाती दिखाई देगी। टीजर में अनिल कपूर सेवानिवृत्त सेना अधिकारी अर्जुन मौर्य के किरदार में नजर आते हैं। उनका लुक गंभीर, मजबूत और भावनात्मक परतों से भरा हुआ दिखाई देता है। कहानी एक ऐसे पूर्व सैनिक की है जो अब एक आम नागरिक की जिंदगी जीने की कोशिश कर रहा है, लेकिन अतीत की परछाइयां उसका पीछा नहीं छोड़तीं।

# आज रहेगा भारत बंद

- बैंक, स्कूल, कॉलेज और बाजार प्रभावित होने की संभावना
- विभिन्न कर्मचारी यूनियनों ने अपनी मांगों को लेकर भारत बंद का किया है आह्वान

एजेंसी | नई दिल्ली

**केंद्रीय व्यापार संघों और किसान संगठन 12 फरवरी यानी बुधवार को देशव्यापी हड़ताल करेंगे। संगठनों ने भारत बंद का आह्वान किया है। बंद के कारण कई राज्यों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, सरकारी कार्यालय, परिवहन सेवाएं और बाजारों के प्रभावित होने की संभावना है। स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर, विरोध प्रदर्शन से प्रभावित क्षेत्रों में कुछ स्कूल और कॉलेज भी बंद रह सकते हैं। बता दें कि श्रमिक संघ पिछले वर्ष 29 श्रम कानूनों के स्थान पर लागू किए गए चार श्रम संहिताओं का विरोध कर रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) और अखिल भारतीय किसान सभा (एआईकेएस) जैसे किसान संगठनों ने भी इस हड़ताल को पूरा समर्थन दिया है।**




### क्या स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे?

देशव्यापी स्तर पर स्कूल और कॉलेज बंद करने की कोई घोषणा नहीं की गई है। हालांकि, केरल, कर्नाटक और ओडिशा सहित कुछ राज्यों में शिक्षण संस्थान बंद रह सकते हैं, यदि स्थानीय संगठन बंद का समर्थन करते हैं या परिवहन सेवाएं बाधित होती हैं।अभिभावकों और छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपने-अपने स्कूलों और कॉलेजों से जारी आधिकारिक सूचनाओं को देखें।

### क्यों बुलाया है भारत बंद?

यूनियंस का कहना है कि सरकार की नई संहिताएं श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर करती हैं, नौकरी की सुरक्षा कम करती हैं और नियोक्ताओं के लिए कर्मचारियों को नियुक्त करना और निकालना आसान बनाती हैं। उन्होंने निजीकरण, वेतन संबंधी मुद्दों और सामाजिक सुरक्षा की कमी पर भी चिंता जताई है। यूनियनों के अनुसार, अधिकांश क्षेत्रों और उद्योगों में हड़ताल के नोटिस जारी कर दिए गए हैं और बंद को लेकर तैयारियां ज़ोरों पर हैं। उनकी प्रमुख मांगों में चारों श्रम संहिताओं और नियमों को रद्द करना, बीज विधेयक का मसौदा, विद्युत संशोधन विधेयक और भारत के रूपांतरण के लिए परमाणु ऊर्जा के सतत दोहन और विकास (शांति) अधिनियम को वापस लेना शामिल है। ट्रेड यूनियंस एमजीएनआरईजीए को बहाल करने और विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2 को रद्द करने की भी मांग कर रहे हैं।

### प्रमुख मांगें

- लेबर कोड की वापसीः मजदूर संगठनों का मानना है कि नए चार लेबर कोड मजदूरों के अधिकारों को कम करते हैं, इसलिए इन्हें तुरंत वापस लिया जाए।
- मनरेगा में सुधारः महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को फिर से मजबूत करने और इसमें बजट बढ़ाने की मांग।
- सिविल सर्विस नीतियों का विरोधः उन सरकारी नीतियों को वापस लेना, जिन्हें सिविल सेवाओं को कमजोर करने वाला माना जा रहा है।
- पुरानी पेंशन योजना : नई पेंशन योजना की जगह पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने की मांग।
- नई शिक्षा नीति का विरोधः शिक्षा नीति 2020 को वापस लेने की मांग।

### क्या 12 फरवरी को बैंक बंद रहेंगे?

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की शाखाएं प्रभावित होने की संभावना है क्योंकि कर्मचारियों और अधिकारियों ने हड़ताल में भाग लेने की घोषणा की है। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन (AIBEA), AIBOA और BEFI जैसे प्रमुख संघों ने अपने सदस्यों से हड़ताल में शामिल होने का आग्रह किया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने मंगलवार को कहा कि 12 फरवरी, 2026 को देशव्यापी बैंक हड़ताल निर्धारित है और ग्राहकों को चेतावनी दी है कि सेवाएं कुछ हद तक प्रभावित हो सकती हैं। हड़ताल के दौरान काम सीमित रूप से प्रभावित हो सकता है।

### बाज़ारों का क्या हाल रहेगा?

विरोध प्रदर्शनों और संभावित सड़क अवरोधों या 'चक्का जाम' के कारण कुछ क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित हो सकती हैं। विरोध प्रदर्शन से प्रभावित क्षेत्रों में बाज़ार और दुकानें बंद रह सकती हैं। कई राज्यों में सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति कम हो सकती है या वे बंद भी हो सकते हैं, यह कर्मचारियों की भागीदारी पर निर्भर करेगा। अस्पतालों और एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं सामान्य रूप से काम करती रहेंगी। हवाई अड्डे और आवश्यक सेवाएं भी चालू रहने की संभावना है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गोवा की अंतिम मतदाता सूची 21 फरवरी को होगी प्रकाशित

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि गोवा में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत अंतिम मतदाता सूची 21 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। पहले यह 14 फरवरी को प्रस्तावित थी। राज्य की मसौदा मतदाता सूची बीते वर्ष 16 दिसंबर को प्रकाशित की गई थी। राज्य के 11.85 लाख मतदाताओं में से 10.84 लाख को मसौदा सूची में शामिल किया गया था, जबकि अन्य 1.01 लाख को पहचान सत्यापित करने के लिए कहा गया गया था।

### पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान-समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही, रिमोट से चलने वाला आईईडी, विदेश में निर्मित पिस्तौल और गोला-बारूद भी बरामद किया है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी खास सोशल मीडिया एप के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में था। उन्होंने बताया कि आईईडी का उद्देश्य पंजाब और दिल्ली सहित कई राज्यों में लक्षित हत्या को अंजाम देना था। मामले में केस दर्ज कर पुलिस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए जांच में जुटी है।

### ठुड्डी पर 80 मिनट तक टिकाई कुर्सी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के डेविड रश ने अपनी ठुड्डी पर एक कुर्सी को पूरे 1 घंटे 20 मिनट और 30 सेकंड तक बैलेंस करके अपना पुराना खिताब वापस पा लिया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 1 घंटा 19 मिनट का था। उसने बताया कि इस कारनामे के लिए उसने अपनी गर्दन की मांसपेशियों को मजबूत करने की खास ट्रेनिंग ली थी। कुर्सी को इतनी देर टिकाए रखना गर्दन और रीढ़ की हड्डी के लिए दर्दनाक था, लेकिन उसकी मेहनत रंग लाई और अब गिनीज बुक ने उसके इस नए टाइटल की पुष्टि कर दी है।

### लक्षद्वीप में मिला दुनिया का सबसे छोटा समुद्री झींगा


**रियो डि जेनेरियो।** वैज्ञानिकों ने लक्षद्वीप के अगत्ती द्वीप के पास कोरल रीफ (मूंगा चट्टानों) में एक नए किस्म का 'स्क्वैट लॉबस्टर' खोजा है। समुद्र साफ में सहायक : यह झींगा इतना छोटा है कि इसकी लंबाई 3 मिलीमीटर है। इस नन्हे जीव का नाम वैज्ञानिक बालासुब्रमण्यन के सम्मान में 'गैलेथिया बालासुब्रमण्यनी' रखा गया है। यह छोटा सा लॉबस्टर समुद्री कचरे को साफ करने (रीसायकल) में मदद करता है, जिससे कोरल रीफ स्वस्थ रहती है। यह समुद्र की छोटी मछलियों के लिए भोजन का काम भी करता है। बढ़ती उम्मीदें : यह खोज दिखाती है कि हमारे समुद्रों में अभी भी ऐसे कई जीव छिपे हैं जिनके बारे में हम नहीं जानते। जलवायु परिवर्तन के दौर में इस तरह के छोटे जीव समुद्री पर्यावरण को बचाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस तरह की खोजें समुद्री जैव विविधता को समझने और उसके संरक्षण की दिशा में नई संभावनाएं खोलती हैं।

## दो बिजनेसमैन को कोर्ट ने घोषित किया भगोड़ा

- करीब 125 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करने के आदेश

एजेंसी | नई दिल्ली





राउज एवेन्यू अदालत की विशेष PMLA/FEOA कोर्ट ने 6 फरवरी 2026 के अपने आदेश में करन ए. चनाना (अमीरा प्योर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर) और अनीता डैंग (कंपनी की होल टाइम डायरेक्टर) को फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर यानी आर्थिक अपराध करके देश से भागे हुए आरोपी घोषित कर दिया है। कोर्ट ने इनके और इनसे जुड़ी कंपनियों की करीब 123.85 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करने का आदेश भी दिया है। यह कार्रवाई फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर्स एक्ट 2018 के तहत की गई है।

### क्यों भगोड़ा घोषित किया गया?

यह फैसला ED (प्रवर्तन निदेशालय) के गुरुग्राम जोनल ऑफिस की उस याचिका के आधार पर लिया गया, जिसमें दोनों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की मांग की गई थी। हाल ही में इंटरपोल ने भी ED के अनुरोध पर करन चनाना के खिलाफ सिल्वर नोटिस जारी किया है, ताकि दुनिया भर में उनकी संपत्तियों

### क्या है आरोप?

यह मामला CBI द्वारा दर्ज FIR से शुरू हुआ था। आरोप है कि अमीरा प्योर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके डायरेक्टर-प्रमोटरों ने बैंकों से लिए गए पैसे में गड़बड़ी, फंड डायवर्जन, धोखाधड़ी और विश्वासघात किया, जिससे कनारा बैंक के नेतृत्व वाले बैंक कंसोर्टियम को लगभग 1201.85 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। अमीरा फूड्स ग्रुप पैक्ड फूड, खासकर बासमती चावल के कारोबार में था। ED की जांच में सामने आया कि कंपनी ने बैंकों से करीब 1201.85 करोड़ रुपये का लोन लिया, जो बाद में 2017 में NPA हो गया।

## सबरीमाला सोना चोरी मामले में पूर्व अध्यक्ष को जमानत



**कोल्लम।** केरल की एक अदालत ने सबरीमाला मंदिर के सोने की चोरी से जुड़े एक मामले में त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के पूर्व अध्यक्ष एन. वासु को बुधवार को जमानत दे दी। मामले में वासु तीसरे आरोपी हैं। वह 'श्रीकोविल' (गर्भगृह) के द्वार की चौखट पर मढ़े गए सोने की चोरी से संबंधित एक मामले में आरोपी हैं। यहां सतर्कता अदालत द्वारा सुनाए गए जमानत आदेश की प्रति फिलहाल उपलब्ध नहीं हो पाई है। इसलिए अदालत द्वारा लगाई गई शर्तों की जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। अधिकारियों ने बताया कि वासु को शाम तक जेल से रिहा किए जाने की संभावना है। सोने की कथित चोरी के मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल ने पिछले साल 11 नवंबर को वासु को गिरफ्तार किया था। त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वासु, बोर्ड के शीर्ष पद पर नियुक्त होने

## वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा नहीं किया जा सकता : केंद्र

एजेंसी | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को केंद्र सरकार ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में रखे गए जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को चिकित्सा आधार पर रिहा नहीं किया जा सकता। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि वांगचुक फिट और तंदुरुस्त हैं और उनकी सेहत पर कोई चिंता नहीं है। मेहता ने कहा कि जेल नियमावली के अनुसार वांगचुक की 28 बार मेडिकल जांच की गई है। उन्हें पाचन संबंधी कुछ समस्या हुई थी, जिसका इलाज किया जा रहा है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य के आधार पर उन्हें रिहा करना मुमकिन नहीं है।

### केंद्र की दलीलें : हिरासत जरूरी

सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि प्रिवेंटिव डिटेंशन के मामलों में छूट नहीं दी जा सकती। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने कहा कि वांगचुक हिंसक विरोध प्रदर्शनों को भड़काने में सक्रिय थे और उन्होंने नेपाल और अरब स्प्रिंग के उदाहरण देकर युवाओं को प्रभावित किया। पीठ ने पूछा कि वांगचुक ने ऐसा कहा कहाँ था। नटराज ने बताया कि उनका बयान युवाओं के दृष्टिकोण का उल्लेख करता है। पीठ ने कहा कि उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए कि हिंसक तरीका सही नहीं है और यह वांगचुक के अपने विचार नहीं बल्कि युवाओं के दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस देगी भाजपा



एजेंसी | नई दिल्ली

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजीजू ने लोकसभा में कहा कि भाजपा नेता विपक्ष राहुल गांधी के एप्सटीन फाइल को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी पर लगाए गए आरोपों को खारिज करती है। रिजीजू ने बताया कि राहुल गांधी का भाषण झूठ से भरा था, और भाजपा उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस जारी करेगी।

### सदन में प्रमाणीकरण और कार्रवाई

रिजीजू ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन सदन में नेता प्रतिपक्ष द्वारा बोले गए किसी भी कथन का प्रमाणीकरण मांगेगा और सदन की कार्यवाही से उन्हें हटाने की मांग की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अक्सर जानबूझकर झूठ बोलते हैं और जवाब सुनने के बजाय सदन छोड़कर चले जाते हैं। रिजीजू ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा भाषण देने के बाद सदन से चले जाते हैं, जो नियमों का उल्लंघन है।

## चुनाव आयोग ने दिए प्रशासन में बड़े फेरबदल के निर्देश

एजेंसी | कोलकाता

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में आगामी चुनावों को देखते हुए प्रशासन में बड़े फेरबदल के निर्देश दिए हैं। आयोग ने राज्य सरकार से उन सभी वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का तबादला करने को कहा है, जो पिछले तीन साल या उससे ज्यादा समय से एक ही जिले या पद पर तैनात हैं। चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। आयोग के निर्देश के मुताबिक, यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट (डीएम), अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम), ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) और उप-मंडल अधिकारी (एसडीओ) जैसे जिला स्तर के सभी प्रशासनिक अधिकारियों पर लागू होगा। पुलिस विभाग में भी बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। इसमें आईजी (आईजी), डीआईजी (डीआईडी), एसपी (एसपी) और अतिरिक्त जैसे सीनियर पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं।




### चुनाव आयोग ने क्या कहा?


चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह कदम स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। आयोग का मानना है कि लंबे समय तक एक ही जगह तैनात रहने से चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। प्रशासनिक तटस्थता बनाए रखने के लिए यह एक सामान्य प्रक्रिया है, जिसे आयोग हर बड़े चुनाव से पहले अपनाता है।

### इन अधिकारियों को मिलेगी राहत

आयोग ने एक और महत्वपूर्ण नियम लागू किया है। जो अधिकारी पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान किसी जिले में जिला मजिस्ट्रेट, रिटर्निंग ऑफिसर या इंस्पेक्टर के रूप में तैनात थे, उन्हें इस बार उस जिले में पोस्टिंग नहीं दी जाएगी। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि स्टेट हेडक्वार्टर में तैनात अधिकारियों को ट्रांसफर के निर्देश से छूट मिलेगी। चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को इन निर्देशों का तुरंत पालन करने के लिए पत्र भेज दिया है। इन उपायों का मुख्य उद्देश्य सभी राजनीतिक दलों को बराबरी का मौका देना और चुनाव कराने वाले सरकारी तंत्र को और अधिक मजबूत बनाना है।

## खराब हेयरकट के बदले मांगा दो करोड़ का मुआवजा

एजेंसी | नई दिल्ली



क्या एक खराब हेयरकट किसी को करोड़ों रुपये का मुआवजा दिला सकता है? इस दिलचस्प सवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त और स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा 'नहीं', जब तक कथित नुकसान का ठोस, विश्वसनीय और प्रमाणित साक्ष्य पेश न किया जाए तब तक नहीं अदालत ने दो टूक कहा कि करोड़ों का हर्जाना भावनात्मक तर्कों, अनुमानों या मात्र दावों के आधार पर नहीं दिया जा सकता। इसके लिए वास्तविक क्षति का स्पष्ट और प्रमाणिक आधार होना अनिवार्य है।न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने 34 पन्नों के फैसले में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के दो करोड़ रुपये के मुआवजे के आदेश को घटाकर 25 लाख कर दिया। अदालत ने कहा कि इतना बड़ा दावा होने पर आयोग का दायित्व था कि वह साक्ष्यों का गंभीर परीक्षण करता और स्पष्ट करता कि वास्तविक नुकसान की गणना किस आधार पर की गई।

### मॉडल ने लगाए गंभीर आरोप

दरअसल, मामला वर्ष 2018 का है। मॉडल और मैनेजमेंट प्रोफेशनल आशना राय दिल्ली के आइटीसी मौर्य होटल के सैलून में हेयरकट के लिए गई थीं। उनका आरोप था कि स्टाइलिस्ट ने अनुरोध से अधिक छोटे बाल काट दिए, जिससे उन्हें मानसिक आघात पहुंचा और उनके पेशेवर छवि को नुकसान हुआ। उन्होंने दावा किया कि इस घटना के कारण उन्हें माडलिंग और फिल्म उद्योग के कई बड़े असाइनमेंट गंवाने पड़े। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) ने सेवा में कमी मानते हुए दो करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया था।

## चेन्नई में डीएमके और टीवीके के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प

एजेंसी | चेन्नई



उत्तर चेन्नई के हार्बर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को राजनीतिक तनाव हिंसा में बदल गया। यहां सत्ताधारी पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) के समर्थकों और अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कज़गम (टीवीके) के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस के बाद हिंसक झड़प हो गई।

इस मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।

### क्या बोले चशमदीद?


पुलिस और चशमदीदों के मुताबिक, यह विवाद पैरीज इलाके में हुआ। यहां टीवीके के कुछ कार्यकर्ता वहां घर-घर जाकर फील्ड वर्क कर रहे थे। लोगों ने आरोप लगाया कि ये कार्यकर्ता लोगों से उनके आधार कार्ड की जानकारी, राशन कार्ड नंबर और जी-पे से जुड़े मोबाइल नंबर जैसी निजी जानकारी मांग रहे थे। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि ये लोग हर घर में पुरुषों और महिलाओं की गिनती कर रहे थे।

**आम चुनाव** | बांग्लादेश की किस्मत बदलेंगी महिलाएं और युवा

## बांग्लादेश में आज होगा मतदान

एजेंसी | ढाका

बांग्लादेश में आज आम चुनाव का आयोजन किया जाना है। इन चुनावों पर भारत से लेकर अमेरिका और चीन से लेकर पाकिस्तान तक की नजर बनी हुई है। खासकर बांग्लादेश में लगातार बदलती स्थिति को देखते हुए। दरअसल, भारत के इस पड़ोसी मुल्क में प्रधानमंत्री शेख हसीना के हटने के बाद से धार्मिक हिंसा में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसे लेकर कई संगठनों ने आंकड़े भी जारी किए हैं। दूसरी तरफ इन चुनावों की विश्वसनीयता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि इन चुनाव में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने सबसे बड़ी पार्टी- आवामी लीग को ही प्रतिबंधित करवा दिया। इसके अलावा राजनीतिक हिंसा की कई घटनाएं सामने आ रही हैं,



### सुरक्षा के कड़े इंतजाम?

मतदान केंद्रों पर भी सुरक्षा को बढ़ाया गया है। देश भर के 42,761 मतदान केंद्रों और लगभग 2.44 लाख मतदान बूथों पर बेरोकटोक और हिंसा मुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों का कड़ा पहरा तैनात किया गया है।

### कितनी पार्टियां मैदान में हैं?

इस चुनाव में कुल 59 पंजीकृत राजनीतिक दल हिस्सा ले रहे हैं। प्रमुख दलों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेतृत्व वाला 10 पार्टी वाला गठबंधन और नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) और जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाला 11 दलों वाला गठबंधन शामिल है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है।

### कितने मतदाता?

इस चुनाव में कुल 12,77,11,793 (लगभग 12.77 करोड़) पंजीकृत मतदाता हैं। 2026 में वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा मतदाता भागीदारी वाले देशों की सूची में शीर्ष पर। कुल योग्य मतदाताओं में से लगभग 6.48 करोड़ पुरुष और 6.28 करोड़ महिलाएं हैं। हालांकि, मतदाताओं में महिलाओं की संख्या काफी अधिक है, लेकिन उम्मीदवारों के रूप में उनकी भागीदारी 4% से भी कम है। मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा युवा है, जिनमें से 45.70 लाख पहली बार वोट डालेंगे।